

RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

# अमिट रेखा

वर्ष 05 | अंक 240 | कुशीनगर | गुरूवार 31 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रुपये



## महामारी में सुप्रीम कोर्ट का एक और बड़ा फैसला

# कोरोना से मौत होने पर मिले मुआवजा

### कोरोना पर 2 दिन में दो बड़े फैसले



**30 जून 2021:** कोरोना से मौत पर केंद्र मुआवजा दे, गाइडलाइन 6 हफ्तों के भीतर तय हो

**29 जून 2021:** राज्य वन नेशन-वन राशन कार्ड स्कीम लागू करें, कम्युनिटी किचन चलाएं

- केंद्र इसकी रकम तय करे
- 6 हफ्ते में गाइडलाइन तैयार हो

नई दिल्ली,(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के 2 दिन में कोरोना से जुड़े दो बड़े फैसले दिए हैं। मंगलवार को राज्यों से कहा था कि 31 जुलाई तक वन नेशन–वन राशन कार्ड स्कीम लागू करें। महामारी के दौर में सुप्रीम कोर्ट ने एक और बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि कोरोना से मौत होने पर परिजन मुआवजे के हकदार हैं। सरकार उन्हें मुआवजा दे। मुआवजे की रकम कितनी होगी, ये सरकार तय करे। कोर्ट ने नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (NDMA) पर तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि वह मुआवजा दिए जाने की गाइडलाइन तय करे।SC ने दिए 3 और निर्देश 1. कोरोना से मौत होने पर डेथ सर्टिफिकेट जारी करने की व्यवस्था सरल हो। अधिकारी इसके लिए गाइडलाइन जारी करें। 2. जैसा की फाइनेंस कमीशन ने प्रस्ताव दिया था, उसके आधार पर केंद्र उन उस व्यक्ति के परिवार के लिए इंश्योरेंस स्कीम बनाए, जिसकी जान आपदा में चली गई। 3. छक्ड। राहत के न्यूनतम मानकों को ध्यान में रखते हुए कोविड मृतकों के परिवारों के लिए गाइडलाइन 6 हफ्तों के भीतर जारी करे। फैसले के दौरान कोर्ट की 2 अहम टिप्पणियां छक्ड। पररू आपका कर्तव्य है कि आप राहत के न्यूनतम पैमाने बताएं। ऐसा कुछ भी रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है जिससे पता चले कि कोविड पीड़ितों के लिए आपने ऐसी राहत या मुआवजे की कोई गाइडलाइन जारी की हो। आप अपना वैधानिक कर्तव्य निभाने में विफल रहे हैं। केंद्र पररू किसी भी देश के पास अपार संसाधन नहीं होते। मुआवजे जैसी चीज हालात और तथ्यों पर आधारित होती है। ऐसे में ये सही नहीं है कि हम केंद्र को निर्देश दें कि मुआवजे के लिए इतनी तय रकम दी जाए। ये रकम केंद्र को तय करनी होगी। आखिरकार प्राथमिकताएं केंद्र ही तय करता है। याचिका में की थी 4 लाख मुआवजे की अपील जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने गौरव बंसल बनाम केंद्र सरकार और रीपक कंसल बनाम केंद्र सरकार केस में ये फैसला सुनाया है। याचिकाकर्ता ने कहा था कि कोरोना संक्रमण और संक्रमण के बाद तबीयत खराब होने से जान गंवाने वाले परिवारों को 4 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। याचिका में यह भी कहा था कि कोरोना से मौत होने पर डेथ सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया सरल की जाए। एक दिन पहले प्रवासी मजदूरों पर दिया बड़ा फैसला सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा था कि वे 31 जुलाई तक वन नेशन–वन राशन कार्ड स्कीम लागू करें, ताकि अपने राज्यों से दूसरे राज्यों में गए प्रवासी मजदूरों को राशन आसानी से मिले। केंद्र को निर्देश दिए कि वो असंगठित मजदूरों के रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल डेवलप करे, ताकि उन्हें स्कीमों का फायदा दिया जा सके। केंद्र राज्यों को राशन मुहैया कराए और राज्य तब तक कम्युनिटी किचन चलाएं जब तक देश में महामारी से पनपे हालात खत्म नहीं हो जाते हैं।




**जम्मू–कश्मीर से मानसून रूठ गया है। कमजोर मानसून के कारण भीषण गर्मी के कारण हर कोई बेहाल है। लखनपुर से लेकर कश्मीर तक गर्म हवाओं से जनजीवन प्रभावित है। सभी जिलों में दिन का तापमान सामान्य से ऊपर चले जाने से गर्मी नया रिकार्ड बनाने की ओर आगे बढ़ रही है।**

### खड़े ट्रक में बस ने मारी टक्कर, 40 से अधिक लोग घायल

धनबाद/रांची,(एजेंसी)। झारखंड में धनबाद जिले के राजगंज थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर तेज रफ्तार के कारण आज एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमें 40 से अधिक लोग घायल हो गए। घायल में चार की हालत गंभीर है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , जीटी रोड पर पहले से खड़े एक ट्रक में अनियंत्रित होकर बस ने पीछे से टक्कर मार दी।

## राहुल गांधी ने पेट्रोल–डीजल की कीमतों को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पेट्रोल–डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ऐसा नहीं है कि सिर्फ कोविड संबंधी प्रतिबंधों के कारण सार्वजनिक परिवहन सेवा के लिए लंबी कतारें लग रही हैं, बल्कि इसकी असली वजह पेट्रोलियम उत्पादों के ऊंचे दाम हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ''सार्वजनिक परिवहन सेवा के लिए लंबी–असुविधाजनक कतारों की वजह सिर्फ कोविड प्रतिबंध नहीं हैं। असली वजह जानने के लिए अपने शहर में पेट्रोल–डीजल के



दाम देखें।'' कांग्रेस पिछले कुछ महीनों से सरकार पर लगातार आरोप लगा रही है कि वह पेट्रोल–डीजल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाकर हर साल लाखों रुपये कमा रही है, लेकिन कोविड संकट के समय आम लोगों को आर्थिक मदद देने के लिए कदम नहीं उठा रही है। उल्लेखनीय है कि देश के कई शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर से अधिक और डीजल की कीमत 90 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा है।

## गाजीपुर बॉर्डर पर भाजपा समर्थकों से किसानों की भिड़ंत, तोड़फोड़, हंगामा, पथराव

नई दिल्ली,(एजेंसी)। गाजीपुर बार्डर पर किसानों और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच बुधवार को भिड़ंत हो गई। बताया जा रहा है कि भाजपा कार्यकर्ता नवनियुक्त प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि का स्वागत करने वहां पहुंचे थे लेकिन उसी दौरान बवाल शुरू हो गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसानों पर तोड़फोड़, हंगामे और पथराव का आरोप लगाया है। उधर किसान नेता राकेश टिकैत ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर किसानों के मंच पर कब्ज्जा करने का आरोप लगाया और कहा कि पिछले तीन दिन से यहां पुलिस के संरक्षण में गड़बड़ी फैलाने की कोशिश की जा रही थी। टिकैत ने यहां तक कहा कि कोई मंच पर कब्जा करने की कोशिश करेगा तो बक्कल उतार देंगे। उनको आना है तो बीजेपी छोड़ कर आ जायें। उन्ह्होंने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता पिछले तीन दिन से आ रहे हैं। पुलिस उन्हें



संरक्षण दे रही है। पुलिस गुंडई छोड़ दे। बीजेपी की वर्कर न बने। बताया जा रहा है कि किसानों और भाजपा समर्थकों के बीच बवाल के बाद हालात इतने खराब हो गए कि भाजपा नेता की गाड़ी को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्क्त करनी पड़ी। किसान नेता राकेश टिकैत ने इस पूरी स्थिति के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस को जिम्म्मेदार ठहराते हुए कई गंभीर आरोप लगाए। उन्ह्होंने कहा कि मंच सड़क पर है लेकिन इसका मतलब यह तो नहीं कि कोई भी मंच पर आ जाएगा। यदि मंच पर आना है तो भाजपा छोड़कर आएं। भारतीय किसान यूनियन ने लगाया आरोप इस बारे में भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज सुनियोजित ढंग से गाजीपुर बार्डर पर फ्लाईवे के बीच मंच के पास भारी संख्य्या में जुटान की। उन्ह्होंने अपने नेता के स्व्वागत के बहाने वहां ढोल बजाकर किसान आंदोलन के खिलाफ नारे लगाने शुरू कर दिए। किसानों ने मना किया तो लाठी–डंडे से हमला बोल दिया। यूनियन ने भाजपा पर आंदोलन को तोड़ने की साजिश का आरोप लगाया। कहा हि आज गाजीपुर बार्डर पर की गई हिंसा इसका सबूत है। यूनियन ने किसानों से अपील की कि किसी के बहकावे में आए।

## चार साल में जीएसटी दर घटी, करदाता बढ़े, ६६ करोड़ से अधिक रिटर्न दाखिल: वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के चार साल पूरे होने के मौके पर वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि अब तक 66 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए, कर की दरें में कटौती हुई और करदाताओं की संख्या में बढ़ी है। पूरे देश में एक राष्ट्रव्यापी जीएसटी एक जुलाई 2017 को लागू किया गया था, जिसमें उत्पाद शुल्क, सेवा कर, वैट और 13 उपकर जैसे कुल 17 स्थानीय कर समाहित थे। वित्त मंत्रालय ने ट्वीट कर कहा कि जीएसटी ने सभी करदाताओं के लिए अनुपालन को सरल बना दिया है और जीएसटी परिषद ने कोविड–19 महामारी



के प्रकोप के मद्देनजर कई राहत उपायों की सिफारिश भी की है। जीएसटी के तहत 40 लाख रुपये तक वार्षिक कारोबार वाले व्यवसायों को कर से छूट दी गई है। इसके अतिरिक्त 1.5 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाले लोग कंपोजिशन स्कीम का विकल्प चुन सकते हैं और केवल एक प्रतिशत कर का भुगतान कर सकते हैं। इसी तरह सेवाओं के लिए एक साल में 20 लाख रुपये तक कारोबार वाले व्यवसायों को जीएसटी से छूट दी गई है। इसके बाद एक साल में 50 लाख रुपये तक का कारोबार करने वाले सेवाप्रदाता कंपोजिशन स्कीम का विकल्प चुन सकते हैं।।''

### कर्नलगंज में हुई मुठभेड़ में दो इनामी गौ–तस्कर गिरफ्तार

गोण्डा,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में गोण्डा जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में दो इनामी गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान कोतवाल और एक गौ–तस्कर घायल हो गया। पुलिस को सूचना मिली की बटौरा डोहागी गांव के पास कुछ पशु तस्कर गायों को बिक्री के लिये ले जाने की फिराक में हैं। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तस्करों को घेर लिया। खुद को घिरा देख उन्होंने पुलिस पर फायरिंग कर दी,जिसमें कर्नलगंज कोतवाल संतोष कुमार सिंह गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस की जवाबी फायरिंग में इनामी तस्कर शाहरुख गोली लगने से घायल हो गया,जिसे उसके साथी सुकई के साथ गिरफ्तार कर लिया।

## एमवीए सरकार को 'खतरे' के विपक्ष के दुष्प्रचार में कोई सच्चाई नहीं: संजय राउत

मुंबई,(एजेंसी)। शिवसेना सांसद संजय राउत ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार स्थिर है और सत्तारूढ़ गठबंधन को किसी तरह के ''खतरे'' के विपक्ष के दुष्प्रचार में कोई सच्चाई नहीं है। एमवीए सरकार में मतभेदों की अटकलों के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) अध्यक्ष शरद पवार के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात करने के एक दिन बाद राउत की ये टिप्पणियां आयी हैं। एमवीए सरकार में शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस शामिल हैं। ऐसी अफवाहें चल रही हैं कि शिवसेना अपने पूर्व सहयोगी दल भाजपा से सुलह करने पर विचार कर रही है।



राउत ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''सबकुछ ठीक है। एमवीए सरकार को कोई खतरा नहीं है। सरकार को किसी तरह के खतरे के विपक्ष के दुष्प्रचार में कोई सच्चाई नहीं है।

## संक्षिप्त

### एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

देवास,(एजेंसी)। मध्यप्रदेश के देवास जिले के नेमावर में लगभग डेढ़ माह से लापता एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिलने के बाद इस हत्याकांड से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कथित प्रेम प्रसंग को लेकर हुए इस हत्याकांड के बाद आरोपियों ने सबूत नष्ट करने के उद्देश्य से पांचों के शव एक खेत में गहरे गड्ढे कर दफन कर दिए थे। पुलिस ने हिरासत में लिए आरोपियों से पूछताछ के बाद कल नेमावर के पास खेत से यह शव निकलवाए। पुलिस सूत्रों का कहना है कि नेमावर निवासी मुख्य आरोपी सुरेंद्र और उसके परिजन भुरू को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा दो तीन और लोगों को हिरासत में लिया गया है। नेमावर निवासी 20 वर्षीय एक युवती रूपाली, उसकी दो छोटी बहनें, मां और एक छोटा भाई मई माह के तीसरे सप्ताह से लापता थे। पुलिस तब से ही उन्हें खोजने का प्रयास कर रही थी। इसी बीच एक सूचना के आधार पर सुरेंद्र और उसके भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी और उन्होंने घटना का ब्यौरा पुलिस के सामने खोल दिया। बताया गया है कि रूपाली का कथित तौर पर सुरेंद्र से प्रेम प्रसंग था। सुरेंद्र का किसी अन्य स्थान पर विवाह होने की सूचना के बाद से दोनों में अनबन होने लगी थी। इसके बाद आरोपियों ने युवती को सुनसान इलाके में बुलाया था। जहां पर युवती और उसके चार अन्य परिजन भी पहुंचे। विवाद होने पर आरोपियों ने पांचों की हत्या कर उनके शव जमीन में दफन कर दिए थे।

### डबल डेकर बस खड़े ट्रक से टकराई, करीब 60 लोग घायल

प्रतापगढ़,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के हथिगवां इलाके में चालक को झपकी आने से डबल डेकर बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे करीब 60 लोग घायल हो गये,जिसमें महिला व बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , जिला मुख्यालय से करीब 60 किलोमीटर दूर हथिगवां इलाके में फोर लेंन हाई वे पर राजपूत ढाबे के चालक को झपकी आने के कारण डबल डेकर बस सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से टकरा गई। हादसे में करीब 60 लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि बिहार के गया जिले के विभिन्न गांवों के मजदूर अलीगढ़ के एक ईंट भत्त्ठा पर काम करते थे। बारिश में भत्त्ठा बन्द होने पर मजदूर डबल डेकर बस बुक करके अपने घर गया लौट रहे थे । उन्होंने ने बताया है बस पर क्षमता से अधिक मजदूर सवार थे । मजदूरों की गिनती कराई गई तो बस पर 62 पुरुष, 62 महिलाएं 40 लड़कियां ,20 लड़कों के अलावा कुछ छोटे बच्चे गोद ले रखे थे। उन्होंने बताया कि बस पर सवार मजदूरों के अलावा अधिकतर घायलों को प्रथम उपचार के बाद दूसरी बस मंगा कर उनके घर भेजा जा रहा है । उन्होंने बताया गंभीर रुप से घायल साल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। इस सिलसिले में चालक के खिलाफ लापरवाही बरतने ,क्षमता से अधिक सवारियां बैठाने का मामला दर्ज करा दिया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### जम्मू के कालूचक और कुंजवानी इलाके में आज फिर देखे गए 2 ड्रोन, सेना अलर्ट

जम्मू,(एजेंसी)। जम्मू में आज सुबह फिर ड्रोन दिखने की सूचना मिली है। यहां के कालूचक और कुंजवानी इलाके में आज तड़के दो ड्रोन देखे गए हैं। इससे पहले भी दोनों इलाकों में सोमवार और फिर मंगलवार देर रात ड्रोन देखा गए थे। जम्मू एयरबेस पर ड्रोन हमले के बाद सैन्य इलाकों में अलर्ट जारी है। गृह मंत्रालय ने हमले की जांच एनआईए को सौंप दी है। इससे पहले सोमवार को सेना के जवानों ने रत्नुचक–कालूचक स्टेशन के ऊपर उड़ रहे दो ड्रोन पर गोलीबारी की थी, जो बाद में लापता हो गए थे। अफसरों के मुताबिक एक ड्रोन रविवार देर रात पौने 12 बजे और दूसरा ड्रोन दो बजकर 40 मिनट पर देखा गया था। सैनिकों के गोलियां चलाने के बाद वे वहां से उड़ गए। साल 2002 में यहां आतंकवादी हमला हुआ था, जिसमें 10 बच्चों समेत 31 लोगों की मौत हुई थी।

### अंधविश्वास के चलते दंपति की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

औरंगाबाद,(एजेंसी)। बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र में तंत्र–मंत्र और ओझा–गुणी के चक्कर में बुधवार को गांव के ही लोगों ने पारंपरिक हथियारों से काटकर एक दंपति की हत्या कर दी। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जमुआइन गांव के रहने वाले फकीरा भुइयां ओझा गुणी का काम करता था। इसी गांव के ही कुछ लोगों की तबियत खराब हुई और आरोप लगाया गया कि फकीरा के कारण ही इनलोगों की तबियत खराब हुई है। इसी बात को लेकर गांव के लोगों और फकीरा के बीच जमकर झगडा हुआ, लेकिन रात को फिर दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इधर, आरोप है कि बुधवार की सुबह गांव के 10–12 लोग टांगी, गड़ासा व कुदाल से लैस होकर फकीरा के घर पहुंचे और फकीरा (62) और उसकी पत्नी पनवा देवी (55) की हत्या कर दी। मदनुपर के थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है तथा पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया हत्या का कारण अंधविश्वास बताया जा रहा है। इस मामले में गांव के ही कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### फर्श बाजार में रसोई गैस सिलेंडर फटने से 4 की मौत

नई दिल्ली,(एजेंसी)। पूर्वी दिल्ली के फर्श बाजार इलाके में आज सुबह एक घर में तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर में विस्फोट के बाद एक परिवार की दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हो गई। डीएफएस को बीती देर रात करीब 12.14 बजे फर्श बाजार क्षेत्र की भीकम सिंह कॉलोनी से विस्फोट की सूचना मिली। दमकल की नौ गाडियां मौके पर पहुंचीं और देर रात 1.15 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के बाद घर की छत का एक हिस्सा गिर गया था। पांच लोगों को घर से निकाला गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# 82 साल के बुजुर्ग के मुंह में गोली मारकर हत्या

मेरठ। मेरठ में मंगलवार रात महावीरा हॉस्पिटल के मालिक यशपाल सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने 82 साल के यशपाल को सोते समय मुंह में गोली मारी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मेरठ में तीन दिनों के अंदर ये तीसरी बड़ी वारदात है। अपने धर्म कांटे पर सोए हुए थे टीपीनगर थाना क्षेत्र के मुल्तान नगर निवासी यशपाल सिंह (82) पुत्र करन सिंह का टीपी नगर में मुल्तान नगर के पास महावीरा नाम से हॉस्पिटल है। हॉस्पिटल से कुछ दूरी पर ही जय शिव के नाम से धर्म कांटा भी है। मंगलवार रात हॉस्पिटल के मालिक यशपाल सिंह अपने धर्म कांटे पर सोए हुए थे। तभी देर रात अज्ञात हमलावरों ने वृद्ध की गोली मार दी। जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बुधवार आज तड़के जब परिवार के सदस्य पहुंचे तो पता चला कि वह चारपाई पर खून से लथपथ पड़े हुए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। ब्‍ ब्रह्मपुरी अमित कुमार राय भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। करीबियों पर शक ब्‍ ब्रह्मपुरी अमित कुमार राय का कहना है कि हॉस्पिटल के मालिक यशपाल की उम्र 82 वर्ष की थी। ऐसे में इतनी उम्र के व्यक्ति को आखिर कोई गोली क्यों मारेगा। किसी रंजिश से भी परिवार ने इनकार किया है। ऐसे में प्रॉपर्टी और संपत्ति को लेकर परिवार के सदस्यों से




यशपाल सिंह, महावीरा हॉस्पिटल के मालिक (फाइल फोटो)

जानकारी की जा रही है। ब्‍ का कहना है कि कुछ बिंदु मिले हैं जिन पर पुलिस काम कर रही है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा कर दिया जाएगा। यशपाल सिंह के 4 बेटे हैं जिनमें 3 एक साथ व एक बेटा अलग रहता है। हत्या करना ही था उद्देश्य 82 वर्ष की हत्या के बाद क्राइम सीन देखकर पुलिस भी है मान रही है कि हत्यारों का मुख्य उद्देश्य यशपाल सिंह की जान लेना ही था। कातिल एक हो या एक से ज्यादा रहे हों। लेकिन उन्होंने देर रात ऐसा मौका तलाशा। जब पहले से पता था कि यशपाल सिंह हर रोज रात में धर्म कांटे पर ही सोते हैं। और देर रात ही इस वारदात को अंजाम देना पुलिस मान रही है। सुबह पुलिस को हत्या होने की सूचना दी गई। मौके की जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने बताया कि करीब 3 घंटे पहले हत्या यानी रात 2 बजे के आसपास हुई होगी। खून जहां भी लगा हुआ था वह सूख चुका था। हत्यारों ने वृद्ध के मुंह में गोली मारी है। ऐसे में यह साफ तौर पर पुलिस मान रही है कि यशपाल सिंह की जान लेना ही कातिल का उद्देश्य रहा होगा। 3 दिन में तीसरी हत्या मेरठ में 3 दिन में यह तीसरी हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। 28 जून को मवाना थाना क्षेत्र के ततीना गांव में किसान सतपाल की हत्या को अंजाम दिया गया। यह घटना अभी खुली भी नहीं है। वही 29 जून को मुंडाली थाना क्षेत्र के नगला कैथवाडा में मंदिर के साधु चंद्रपाल की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। तीसरी घटना टीपी नगर क्षेत्र में हुई है। जहां हॉस्पिटल के मालिक यशपाल की गोली मारकर हत्या की गई।

## वैक्सीन लगवाने पर ही मिलेगा जून का वेतन

बांदा, (यूएनएस)। डीएम आनंद कुमार सिंह ने आदेश जारी किया कि जून माह का वेतन जिले के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को वैक्सीन लगवाने पर ही मिलेगा। उन्हें वैक्सीनेशन कार्ड की प्रति उपलब्ध करानी होगी। कहा कि जो अधिकारी या कर्मचारी विशेष कारण से टीका नहीं लगवा सकते, उन्हें सीएमओ से इसका प्रमाणपत्र लेकर अपने कार्यालयाध्यक्ष को देना होगा। संचारी नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा दिमागी बुखार आदि की समीक्षा बैठक में डीएम ने उपरोक्त निर्देश जारी किए। सभी कार्यालयाध्यक्षों से कहा कि जून का वेतन तभी दिया जाए जब अधिकारी व कर्मचारी कोविड–19 का टीका कार्ड की प्रति,सीएमओ का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। कहा कि पहली से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। आशा, आंगनबाड़ी हरेक घर में क्षय रोग से संभावित रोगियों के बारे में जानकारी लेंगी। लक्षण वाले संभावित रोगियों के नाम, पता, मोबाइल नंबर आदि एएनएम के माध्यम से भेजेंगी। संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि इसे शत प्रतिशत सफल बनाएं। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियां पूरी तरह निभाएंगे।

## पाइप डालने को खोदी सड़कें नहीं बनाई गईं

बांदा, (यूएनएस)। पाइपलाइन डालने के लिए शहर की कई मुख्य सड़कें जल निगम ने खोद डाली हैं। अमृत योजना से 2.18 करोड़ बजट मिलने के बाद भी इनका पुनर्निर्माण नहीं कराया जा रहा। बारिश में सड़कें दलदल में बदलकर राहगीरों को दुर्घटनाग्रस्त कर रही हैं। प्रशासन के आला अफसर भी खामोश हैं। नगर पालिकाध्यक्ष मोहन साहू ने जल निगम को पत्र भेजकर सड़कों का शीघ्र निर्माण कराने को कहा है। अध्यक्ष ने डीएम को भी अवगत कराया है। अमृत योजना के तहत जल निगम ने राइजिंग मेन लाइन बिछाने के लिए आवास विकास ए व बी ब्लॉक, इंदिरा नगर और चमरौडी चौराहे से अलीगंज चौराहे से होते हुए गूलरनाका तक ढाई किलोमीटर सड़कों पर एक से डेढ़ मीटर खुदाई की है। इसी तरह अलीगंज चौकी चौराहे से ईदगाह रोड में पाइपलाइन डाली गई है। बारिश में सड़कें दलदल में बदल गईं हैं। पैदल राहगीर और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। पालिकाध्यक्ष मोहन साहू ने अधिशासी अभियंता जल निगम को भेजे पत्र में शासनादेश का हवाला देकर कहा कि सड़क का पुनर्निर्माण कार्यदायी संस्था (जल निगम) को कराना है। शासन ने अमृत योजना में दो करोड़ 18 लाख 66 हजार रुपये जारी कर दिए हैं। फिर भी सड़क दुरुस्त नहीं कराई जा रही। अध्यक्ष ने मानक के अनुरूप सड़क निर्माण कराकर अवगत कराने को कहा है।

## कलाकार बचेगा तो कलाएं बचेंगी


बांदा, (यूएनएस)। संस्कार भारती की जिला समिति घोषित कर दी गई। रामेश्वर प्रसाद यादव को जिलाध्यक्ष, चंद्रप्रकाश मंत्री, हर्षित गुप्ता व अपूर्वा सोनी सह मंत्री नियुक्त किए गए। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पांडेय (फर्रुखाबाद केंद्र) ने समिति के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। वर्चुअल गोष्ठी में पदाधिकारियों को नसीहत दी कि कलाकार बचेगा तो कलाएं बचेंगी। संरक्षक मंडल में प्रकाशचंद्र सक्सेना, अरिमर्दन सिंह, श्रद्धा निगम व अर्चना पाठक हैं। उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह, जुगुल किशोर सोनी (अतर्रा), अनुराधा सिंह व राजेंद्र द्विवेदी (बबेरू) बनाए गए। कोषाध्यक्ष आनंद किशोर पाल बने। संयोजक रामस्वरूप राही (संगीत), दयाराम (लोक विधा), मनोज कुमार (साहित्य), काशी प्रसाद (चित्रकला), राजकुमारी गुप्ता (भू अलंकरणध्रूप सौंदर्य), नीरजा सोनी (प्राचीन कलाएं), प्रवीण गुप्ता (नाट्य), छवि गुप्ता (नृत्य) और दयानंद (युवा) चुने गए। नवनियुक्त पदाधिकारियों से कलाओं के संरक्षण व संस्कृति बचाने को कहा। इस मौके पर प्रांत संगठन मंत्री धनंजय सिंह, दीनदयाल सोनी, योगेश सिन्हा, हरिनारायण मिश्रा, राजेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

## नगर पंचायत कोटरा का होगा कायाकल्प होगा, सीमा विस्तार को मंजूरी

उरई/जलौन, (यूएनएस)। ऐतिहासिक नगरी कोटरा के दिन जल्द बहुरेंगे। बेतवा नदी पर पुल बनने से नगर कोटरा के विकास को उम्मीदों के पंख लग गए हैं। पंचायत की बोर्ड बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष आशाराम अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में बताया गया है कि नगर पंचायत को आदर्श नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है। नगर का विकास दो करोड़ रुपये से होगा। साथ ही 15वें वित्त की 65 लाख रुपये की राशि से नगर के विकास में चार चांद लगाए जाएंगे। ऐतिहासिक वख्शी तालाब को भी सौंदर्यीकरण 20 लाख की धनराशि से किया जाएगा। विलुप्त होते तालाब, बलू की मठ के पास भुजरऊ तलैया एवं गाटा संख्या 259 में स्थित तालाब के भी दिन बहुरेंगे। नगर पंचायत बोर्ड द्वारा नदी बेतवा के प्राचीन स्नान घाटों को सुरक्षित संरक्षित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही नदी किनारे स्थित अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही गई। किसानों के लिए सहकारी समिति के बीज गोदाम की स्थापना के लिए जमीन उपलब्ध कराने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड बैठक का संचालन ईओ प्रद्युम्न कुमार ने किया।

## राम गमन पथ का ड्राफ्ट तैयार

अयोध्या। अयोध्या से चित्रकूट तक बनने वाले इस मार्ग को ही वनगमन मार्ग कहा जाएगा। अयोध्या में जहां एक तरफ भव्य राम मंदिर का निर्माण जारी है, तो वहीं दूसरी तरफ राम वनगमन मार्ग के बनने का रस्ता साफ हो गया है। दरअसल, जिन रास्तों से होकर प्रभु श्री राम बनवास गए थे, उन रास्तों का विकास करने के लिए वनगमन मार्ग का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। लोक निर्माण विभाग इस मसौदे पर लंबे समय से काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि कल यानी एक जुलाई को इसको लेकर विभाग अपने मंत्री को प्रजेंटेशन भी देगा। अयोध्या से चित्रकूट तक बनने वाले इस मार्ग को ही वनगमन मार्ग कहा जाएगा। 3 चरणों में पूरा होगा



वनगमन मार्ग का निर्माण कार्य अयोध्या से चित्रकूट तक के वनगमन मार्ग का निर्माण 3 चरणों में किया जाएगा। मार्ग निर्माण के साथ ही उन इलाकों का विकास को भी इससे जोड़ा जाएगा। इससे इन इलाकों का आध्यात्मिक और सांसकृतिक विकास के साथ ही आर्थिक लिहाज से भी तस्वीर बदलेगी। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इस बारे में मंगलवार को इसकी जानकारी दी। केशव मौर्य ने बताया कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा इस डेवलपमेंट का पूरा खाका तैयार कर लिया गया है। जल्द ही भूमि अधिग्रहण, एलाइनमेंट और अन्य प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। यह वनगमन मार्ग मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन दर्शन से जुड़ा हुआ है। इन रास्तों पर निर्माण कार्य करके इन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा। अयोध्या से चित्रकूट तक बदलेगी सूरत वनगमन मार्ग अयोध्या से शुरू होकर सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, श्रृंगवेरपुर धाम, मंझनपुर, राजापुर होते हुए चित्रकूट तक जाएगा। कुल 210 किलोमीटर का सफर तय करते हुए चित्रकूट धाम को राम नगरी से जोड़ने का काम किया जाएगा। यह सभी धार्मिक आस्था और संस्कृति के बड़े केंद्र के रूप में बनकर उभर रहे हैं, राम मंदिर निर्माण के बाद इनका महत्व भी काफी बढ़ जाएगा। दरअसल इन सभी जगहों को सड़क मार्ग से जोड़ने की यह योजना भविष्य की अन्य संभावनाओं के लिए रास्ते खोल देंगी। आने वाले सभी भक्तों को राम मंदिर के साथ–साथ वनगमन के पूरे पथ को भी देखने और समझने का मौका मिलेगा।

## वतमान समय में गांधीवादी विचारधारा की प्रासंगिकताय विचार–अभिव्यक्ति

(आशीष सक्सेना) यह दिव्य गीत सुनते ही जिस शख्सियत का विचार सामने आ जाता है उससे हम सभी वखूवी परिचित है, जी हां हम बात करने जा रहे है, मोहनजी की अथाघ्त् मोहनदास करमचंद गांधीजी, महात्मा गांधी या बापू की, वतघ्मान समय में जब चारों ओर त्राहि त्राहि मची हुई है, जनजीवन अस्त व्यस्त है, कहीं कोरोना महामारी का प्रकोप है,



कहीं लड़ाई युद्ध के हालात पैदा हो रहे है, घर परिवार बिगड़ रहे है, मानवता जैसे समाप्त हो चुकी है, उस बीच गांधीजी का यह पसंदीदा गीत अत्यन्त प्रासंगिक हो जाता है कि वही व्यक्ति वैण्णव (संत) कहलाता है, जो दूसरे की पीड़ा को समझता है और उसे दूर करने का प्रयास करता है, नरसी मेहता का यह गीत बापू को इसीलिए अत्यन्त पसंद था. इसमें कोई शक नहीं कि गांधीजी एक व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरी विचारधारा थे, चाहे देश से बाहर या देश के अंदर विभिन्न आंदोलनो में सहभागिता रही हो, जैसे असहयोग आंदोलन, सविनय अवज्ञा आंदोलन या फिर भारत छोड़ो आंदोलन ही क्यों न रहा हो, गांधीजी के सभी आंदोलन अहिंसात्मक थे, उनके अनुसार ष्जो व्यक्ति अहिंसा मे विश्वास करता है और ईश्वर की सत्ता में आस्था रखता है, वह कभी भी पराजय स्वीकार नहीं करता, अहिंसा एक विज्ञान है और विज्ञान के शब्दकोश में असफलता का कोई स्थान नहींष् गांधीजी के यह विचार आज देश के अंदर बाहर तनाव के हालात में अत्यन्त प्रासंगिक हो गये है, गांधीजी पर श्श्रीमद्भगवद्गीताश, रस्किन की पुस्तक श्अन टू द लास्टश का अत्यधिक प्रभाव पड़ा था जैसे कि गीता में बताया गया है, श्कमघ्ण्ये वाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनश, गांधीजी का मानना था कि आशारहित होकर कमघ करो, यह गीता की वह ध्वनि है जो भुलाई नहीं जा सकती, जो कमघ छोड़ता है, वह गिरता है, कमघ करते हुए भी जो उसका फल छोड़ता है, वह चढ़ता है. इसीप्रकार गांधीजी ने महामारी चाहे वह किसी प्रकार की हो, के लिए स्वच्छता व सेवा को ही सबसे बड़ा उपचार माना था।

## स्टाफ बढ़ा न सुविधा, 23 लाख सरेंडर

बांदा, (यूएनएस)। डेढ़ सौ लोगों की मौत और 10,700 से ज्यादा लोगों के कोरोना संक्रमण की चपेट में आने के बाद भी चित्रकूटधाम मंडल के एकमात्र राजकीय मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी बढ़ाने के लिए शासन से मिले बजट को लौटा दिया गया। अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति नहीं की गई। इसी तरह क्वारंटीन हुए डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रबंधन को आया



बजट भी बिना खर्च किए सरेंडर कर दिया गया। इस प्रकार दोनों मदों का कुल 23 लाख रुपये मेडिकल कॉलेज द्वारा जिला स्वास्थ्य समिति को सरेंडर कर दिया गया। पिछले वर्ष से कोरोना की गिरफ्त में आए चित्रकूटधाम मंडल के संक्रमित अधिकांश गंभीर मरीज बांदा राजकीय मेडिकल कॉलेज में ही लाए जा रहे थे। मेडिकल कॉलेज एल–2 हास्पिटल में बदल दिया गया था। चारों जनपदों बांदा, हमीरपुर, महोबा और चित्रकूट के हजारों मरीज यहां भर्ती किए गए। कई सैकड़ा की मौतें भी हुईं। उधर, शासन ने राजकीय मेडिकल कॉलेज को वर्ष 2020–21 में एनएचएम से एक्टिव क्वारंटाइन स्टेयरिंग की व्यवस्थाओं के लिए 18 लाख रुपये दिए थे। यह बजट क्वारंटाइन हुए डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों पर खर्च होना था। राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने यह पूरा का पूरा बजट वापस कर दिया। हालांकि, क्वारंटीन डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को कई असुविधाएं भी रहीं। अधिकांश अपने घरों में ही रहे। इसी तरह कोरोना के मद्देनजर शासन ने पिछले वर्ष नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) मद से राजकीय मेडिकल कॉलेज में अतिरिक्त मानव संसाधन (स्टाफ) बढ़ाने के लिए पांच लाख रुपये दिए थे। यह भी खर्च नहीं किए गए और पूरे के पूरे वापस जिला स्वास्थ्य समिति को सरेंडर कर दिए गए। यह जानकारी जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत समाजसेवी कुलदीप शुक्ल द्वारा मांगी गई सूचना में राजकीय मेडिकल कॉलेज के जन सूचना अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह यादव ने दी है।

# संक्षिप्त समाचार

## खरीफ फसल की तैयारी, किसानों को बांटें बीज

उरई/जलौन, (यूएनएस)। खरीफ फसलों की तैयारी और तकनीकी संबंधी जानकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र में हुआ। इस दौरान अनुसूचित जाति के किसानों को तिल और मूंग की फसल का बीज वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार सिंह ने ग्राम रुरा मल्लू के प्रधान विनोद कुमार पाल एवं अन्य किसानों को खरीफ में बोई जाने वाली फसलों के बारे में जानकारी दी। अच्छे बीज की महत्ता, समय से सिंचाई और जलभराव के दौरान पानी की निकासी, फसल की निगरानी आदि के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि उच्च क्वालिटी का बीज अच्छे उत्पादन में सहायक होता है। उन्होंने किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र से जुड़कर कीटों के प्रबंधन के बारे में बताया गया। इस दौरान डॉ विस्टर जोशी, डॉ अनुज गौतम, अनुराग, सुरेश, जयराम, सुरेंद्र, लालाराम, कमलेश आदि मौजूद रहे।

## तालाब की पैमाइश कराई, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

उरई/जलौन, (यूएनएस)। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित तालाबों में अधिकांश तालाबों पर अतिक्रमण है। प्रशासन की ओर से तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने की कवायद की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम ने छिरिया सलेमपुर स्थित तालाब का निरीक्षण कर तालाब की पैमाइश कराई। साथ ही तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। एसडीएम मीनू राणा, राजस्व विभाग की टीम के साथ ग्राम छिरिया सलेमपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया कि गांव के तालाब के आसपास के लोग कचरा डालकर तालाब को प्रभावित कर रहे हैं। इस पर एसडीएम ने नाराजगी जताई एवं ग्रामीणों को निर्देश दिया कि वह तालाब को साफसुथरा रखने और अतिक्रमण से मुक्त करने में सहयोग करें। तालाब पर सुरेशचंद्र व आशाराम द्वारा किए गए अतिक्रमण को चिन्हित कर हटवाया गया। आम रास्ते में मिट्टी व सामग्री डाल कर व्यवधान करने की शिकायत पर लक्ष्मी व लल्लू द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया गया। इसके अलावा खाद के गड्ढों पर लालाराम, भरत, राजेश, अल्लू, और बलराम के अतिक्रमण को भी चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए। प्रधान सोनल तिवारी व प्रधान पति आशीष तिवारी को निर्देश दिए कि तालाब के आसपास पौधारोपण की रूपरेखा तैयार कर पौधरोपण करा दें। ताकि पर्यावरण भी स्वच्छ रहे। लेखपाल ब्रजकिशोर निरंजन, कानूनगो बलराम, राममोहन आदि मौजूद रहे।

## साइकिल से गांवों में जाकर सपा नीतियों को बताएंगे

उरई/जलौन, (यूएनएस)। संत कबीर नगर निवासी समाजवादी सिपाही रणविजय सिंह और अरविंद सिंह प्रदेश का भ्रमण साइकिल से कर रहे हैं। पार्टी के साइकिल यात्री नगर में पहुंचे तो सपाइयों ने दोनों समाजवादी सिपाहियों का माला पहनाकर स्वागत व उत्साहवर्धन किया। दोनों साइकिल यात्रियों ने बताया कि जब तक 2022 में सपा मुखिया अखिलेश यादव मुख्यमंत्री नहीं बन जाते तब तक प्रदेश के गांव–गांव साइकिल से जाकर समाजवादी नीतियों को पहुंचाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया है कि 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है। कहा कि समाजवादी कार्यकर्ताओं का इस वर्तमान सरकार में उत्पीड़न हो रहा है। जिन जगहों से होकर वह आए हैं सभी स्थानों पर इस प्रकार की समस्याएं मिली हैं। इसके बारे में वह पार्टी अध्यक्ष को अवगत कराएंगे। इस दौरान रामदास यादव, वैभव श्रीवास्तव,इमरान अंसारी, तौफीक सलमानी आदि मौजूद रहे।

## तेल कीमतों की महंगाई को लेकर बामदलो ने किया जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन ,सौंपा ज्ञापन

बस्ती, (यूएनएस)। पेट्रोल,डीजल खाद्य तेलों के दाम में भारी बढोत्तरी के विरोध में चल रहे 07 सूत्रीय पखवारे भर के अभियान का समापन 30 जून को सीटू ऑफिस से जुलूस निकाल कर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा प्रेषित कर सम्पन्न किया गया। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, सीपीआई सहित बाम मोर्चा के 17 जून से 29 जून तक चलाये जा रहे राष्ट्र व्यापी महंगाई विरोधी अभियानष् सीपीआई व सीपीएम ने संयुक्त रूप से ग्राम सभाओं, मोहल्लों,कस्बों में पर्चा वितरण ,बैठक,गोष्ठी ,स्थानीय विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था। महंगाई विरोधी अभियान में सौ गांव के सापेक्ष 92,10 मोहल्ले के सापेक्ष 10 तथा 06 कस्बे के सापेक्ष 06 कस्बो में पर्चा वितरण ,जंन संपर्क,गोष्ठी व स्थानीय स्तर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। यह जानकारी माकपा नेता व बाम मोर्चा के अभियान के प्रभारी कामरेड के के तिवारी ने दिया है। मांग पत्र में उपरोक्त के साथ ही सभी जरूरत मंदों को 10 किलो राशन दिए जाने गैर आयकरदाता परिवारों को 7500 रुपये प्रति माह दिए जाने, मनरेगा में कार्य दिवस व मजदूरी बढ़ाये जाने सहित सभी को मुफ्त व सुनिश्चित वैक्सिनेशन शामिल है। माकपा के जिला सचिव कामरेड राम गढ़ी चौधरी व सीपीआई के जिला सचिव कामरेड अशर्फी लाल के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में कामरेड ध्रुव चंद, कामरेड वीरेंद्र प्रताप मिश्र ,कामरेड शेषमणि ,कामरेड नरसिंह भारद्वाज ,कामरेड उर्मिला ,कामरेड कृष्णा चौधरी ,कामरेड राममूरत ,कामरेड मिसलावती, कामरेड बसेनू सहित नवनीत यादव ,राम निरख यादव ,सुरेंद्र मोहन शर्मा, इंद्रावती,,मुन्नीदेवी,राम जी ,शिव चरण निषाद,रीना ,आनंद ,मीना पांडेय,गुड़िया,सुमन,अनिता,रमन,ब्रिजेश ,सूरज मती, राम अजोरे,शिव मूरत,सहरुन्निशा, रुखसाना बेगम,अनिता,राम गोपाल,मंजू देवी, नोखाई,मालती,कलावती,उषा प्रथम ,उषा द्वितीय,कमला, रेशमा,जेबा,सुनीता देवी ,अनारा देवी ,आरती देवी, बसंती,श्रीपति,दिल पति हँसराजी सहित दर्जनो महिलाएं शामिल रही।

## नगर पालिका अध्यक्षा रूपम मिश्रा ने नरहरिया वार्ड में स्थित पीएचसी को गोद लिया

बस्ती, (यूएनएस)। प्रदेश में पीएचसी केन्द्रो को गोद लेने की मुख्यमंत्री के अपील के बाद नगर पालिका अध्यक्षा रूपम मिश्रा ने नरहरिया वार्ड में स्थित पीएचसी को गोद लिया और वहॉ पहुँच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट अनिल यादव ने रूपम मिश्रा से मॉग किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नरहरिया पर डाक्टरों का अभाव है जिसको दूर करने की मॉग की तथा फार्मासिस्ट ने जानकारी दिया कि आये दिन महिलाएँ यहॉ प्रशव के लिए आती हैं परन्तु कोई महिला डॉ0 उपस्थित न होने के कारण प्रशव कराने में सम्मस्याये उत्पन्न होती हैं। रूपम मिश्रा ने फार्मासिस्ट को आस्वस्थ करते हुए कहा कि उच्च अधिकारियों से बात करके सीघ्र से सीघ्र पीएचसी की समस्त समस्याएँ समाप्त करायी जायेगी।

# भारतीय क्रिकेट में अब नहीं है किसी की बादशाहत

नई दिल्ली,(एजेंसी)। न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को हराकर पहली ICC टेस्ट चौंपियनशिप जीत ली। यह 2013 से अ तक तक का सातवां ICC फाइनल था। इन 7 मौकों पर 7 अलग–अलग टीमें चौंपियन बनी। यानी यह साफ है कि पिछले कुछ सालों में कोई टीम ऐसी नहीं है जिसे इंटरनेशनल क्रिकेट का बादशाह कहा जा सके। 1970 से लगभग हर दशक में कोई न कोई टीम ऐसी रही है जो बाकी टीमों से बीस साबित होती थी। 70 और 80 के दशक में वेस्टइंडीज की बादशाहत रही। 90 के दशक में कई टीमें बराबरी पर आईं लेकिन इसके आखिर से ऑस्ट्रेलिया हावी हो गया। 2007 तक ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाए रखा। इसके बाद कुछ सालों के लिए टीम इंडिया का थोड़ा–बहुत दबदबा भी रहा। 6 साल में भारत ने तीन बड़े खिताब जीते। लेकिन उसके बाद से एक ऐसा दौर शुरू हुआ जब इंटरनेशनल क्रिकेट में कोई बादशाह नहीं रहा है। भारत, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड सबसे कंसिस्टेंट 2013 से अब तक कोई भी टीम दो ㎅ टूर्नामेंट नहीं जीत सकी है। हां, भारत, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की टीम सबसे कंसिस्टेंट जरूर रही है। पिछले 8 सालों में इन टीमों ने तीन–तीन ㎅ इवेंट के फाइनल में प्रवेश किया। ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज की टीम 1–1 फाइनल ही खेल सकी और उसमें जीत हासिल करने में भी सफल रही। ऑल कंडीशन टीम बनाने में संघर्ष कर रही हैं टीमें क्रिकेट में कोई टीम तभी अन्य टीमों पर दबदबा बना पाती है जब उसके पास सभी कंडीशन के लायक अच्छे खिलाड़ी हों। मौजूदा समय में लगभग हर बड़ी टीम इस मामले में संघर्ष करती दिख रही है। अच्छे फास्ट बॉलिंग ऑलराउंडर की कमी के




कारण भारतीय टीम स्विंगिंग और सीमिंग कंडीशन में स्ट्रगल करती है। इसी तरह न्यूजीलैंड की टीम भारतीय उपमहाद्वीप में बहुत दमदार खेल नहीं दिखा पाती है। इंग्लैंड एशियाई मूल के कुछ खिलाड़ियों की बदौलत संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है।

## भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

*भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने बुधवार को तोक्यो ओलंपिक में आधिकारिक रूप से जगह बनाई जब खेल की वैश्विक संचालन संस्था फिना ने रोम में सेटे कोली ट्रॉफी में पुरुष 100 मीटरबैकस्ट्रोक स्पर्धा में उनके 'ए' क्वालीफिकेशन स्तर को स्वीकृति दी।*



नयी दिल्ली। भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज ने बुधवार को तोक्यो ओलंपिक में आधिकारिक रूप से जगह बनाई जब खेल की वैश्विक संचालन संस्था फिना ने रोम में सेटे कोली ट्रॉफी में पुरुष 100 मीटरबैकस्ट्रोक स्पर्धा में उनके 'ए' क्वालीफिकेशन स्तर को स्वीकृति दी। भारतीय तैराकी महासंघ (एसएफआई) ने ट्वीट किया, ''श्रीहरि नटराज के सेटे कोली ट्रॉफी में टाइम ट्रायल के दौरान 53.77 सेकेंड के ओलंपिक क्वालीफिकेशन समय को फिना ने स्वीकृति दे दी है। एसएफआई ने उनका प्रतिनिधित्व फिना के पास भेजा था। श्रीहरि तोक्यो में 'ए' क्वालीफिकेशन प्रवेश के रूप में भारत के साजन प्रकाश से जुड़ेंगे।'' नटराज ने रविवार को राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने के साथ ही तोक्यो खेलों का 'ए' क्वालीफिकेशन स्तर हासिल किया जो 53.85 सेकेंड है। टाइम ट्रायल में तैराकों को अन्य प्रतिद्वंद्वियों से प्रतिस्पर्धा का मौका नहीं मिलता लेकिन वे अपने समय में सुधार कर सकते हैं। बेंगलुरू के इस तैराक को आयोजकों ने ओलंपिक क्वालीफिकेशन के अंतिम दिन टाइम ट्रायल में हिस्सा लेने की स्वीकृति दी थी। तोक्यो ओलंपिक में पहली बार दो भारतीय तैराकों को सीधे क्वालीफिकेशन के जरिए ओलंपिक खेलों में प्रवेश मिलेगा। साजन प्रकाश इसी प्रतियोगिता की पुरुष 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में ओलंपिक 'ए' स्तर हासिल करने वाले अब तक के पहले भारतीय तैराक बने थे। साजन ने 2010 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के एक मिनट 49.86 सेकेंड के पिछले प्रदर्शन में सुधार किया था। नटराज पहली बार ओलंपिक में हिस्सा लेंगे जबकि साजन दूसरी बार खेलों के महाकुंभ में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। साजन रियो ओलंपिक 2016 में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

## दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को एक रन से हराया, 2–1 की बढ़त बनाई

*दक्षिण अफ्रीका ने चुनौतीपूर्ण हालात में गेंदबाजों के धैर्यपूर्ण प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को एक रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2–1 की बढ़त बनाई।*

सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)। दक्षिण अफ्रीका ने चुनौतीपूर्ण हालात में गेंदबाजों के धैर्यपूर्ण प्रदर्शन की बदौलत मंगलवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को एक रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2–1 की बढ़त बनाई। क्विंटन डिकॉक की 51 गेंद में 72 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 167 रन का स्कोर खड़ा किया। स्पिनर तबरेज शम्सी ने इसके बाद चार ओवर में सिर्फ 13 रन देकर दो विकेट चटकाए जिससे दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को सात विकेट पर 166 रन के स्कोर पर रोककर एक रन से रोमांचक जीत दर्ज की। कागिसो रबादा के मैच के अंतिम ओवर में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 15 रन की जरूरत थी जबकि उसके तीन विकेट बचे थे। क्रीज पर फाबियन एलेन (नाबाद 14) और ड्वेन ब्रावो (नाबाद 00) की मौजूदगी के बावजूद वेस्टइंडीज की टीम जरूरी रन जुटाने में नाकाम रही। अंतिम ओवर की पहली चार गेंद में वेस्टइंडीज की टीम सात रन ही बना सकी जिससे अंतिम दो गेंद पर आठ रन की दरकार थी। रबादा ने पांचवीं गेंद यॉर्कर फेंकी और इस पर कोई रन नहीं बना। एलेन ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन यह वेस्टइंडीज को जीत दिलाने में लिए नाकाफी था। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम एक बार फिर अच्छी शुरुआत के बावजूद बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही। टीम का स्कोर एक समय तीन विकेट पर 147 रन था लेकिन इसके बाद उसने 15 रन पर पांच विकेट गंवा दिए। डिकॉक के अलावा रेसी वान डेर डुसेन (32), ऐडन मार्कराम (23) और रेजे हेंड्रिक्स (17) दोहरे अंक में पहुंचे लेकिन बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। वेस्टइंडीज की ओर से ओबेद मैकॉय ने 22 रन देकर चार जबकि ड्वेन ब्रावो ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए।



## एनटीपीसी धन जुटाने को एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी का आईपीओ लाने की तैयारी में

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी का इरादा अपनी इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लि. को सूचीबद्ध कराने का है। इससे कंपनी 2032 तक 60 गीगावॉट की अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए कोष जुटा पाएगी। कंपनी के शीर्ष अधिकारी ने यह कहा। एनटीपीसी देश की पहली ऊर्जा कंपनी है जिसने अपने ऊर्जा लक्ष्य संयुक्तराष्ट्र की ऊर्जा पर उच्चस्तरीय वार्ता (एचएलडीई) के अनुरूप तय किए हैं। एनटीपीसी ने 2032 तक 60 गीगावॉट की अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। ब्लूमबर्ग एनईएफ (बीएनईएफ) की वर्चुअल शिखर बैठक में एनटीपीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने कहा, ''हमें धन जुटाने के सिर्फ एक तरीके पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हम जल्द ही सार्वजनिक तौर पर धन जुटाने पर विचार कर रहे हैं।'' सिंह का इशारा एनटीपीसी के महत्वाकांक्षीय अक्षय ऊर्जा लक्ष्य के लिए धन जुटाने की ओर था। उन्होंने कहा कि कंपनी हर साल 7–8 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ेगी। यह कोई काफी मुश्किल काम नहीं है।उन्होंने उम्मीद जताई कि 2032 तक एनटीपीसी 60 गीगावॉट की अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित करने के लक्ष्य को पार कर लेगी।कंपनी ने पिछले साल अक्टूबर में नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार के लिये एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की शुरुआत की।



## कारोबार सुगमता, अनुबंधों पर अमल से संबंधित जानकारी पर पोर्टल शुरू

नयी दिल्ली। भारत में व्यवसाय सुगमता के लिए अनुबंधों पर अमल की व्यवस्था को लेकर किए जा रहे विधायी एवं नीतिगत सुधारों से संबंधित व्यापक जानकारी देने के लिए एक वेब पोर्टल शुरू किया गया है। कानून मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने इस पोर्टल का शुभारंभ किया। कानून मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि विश्व बैंक की कारोबार सुगमता से जुड़ी रिपोर्ट में दुनिया की 191 अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार के विनियमन मानदंड पेश किए जाते हैं। इसमें व्यवसाय में सुगमता (ईओडीबी) सूचकांक का निर्माण किया गया है जिसके तहत रैकिंग दी जाती है। इससे व्यवसाय के 11 विभिन्न क्षेत्रों में किसी अर्थव्यवस्था की दूसरी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले स्थिति का पता चलता है। कानून मंत्रालय के एक बयान में यह कहा गया है। अनुबंधों को लागू करना संकेतक उन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल है जो किसी मानकीकृत व्यावसायिक विवाद के हल में लगने वाले समय और पैसे और साथ ही न्यायपालिका में अच्छे व्यवहारों को आंकता है। अब तक दिल्ली और मुंबई जैसे शहर ही विश्व बैंक के इस कारोबार सुगमता से जुड़े सर्वेक्षण के दायरे में आते हैं। कोलकाता और बेंगलुरु को भविष्य में इसमें शामिल किया जा सकता है। कानून मंत्रालय के सचिव (न्याय) बरुण मित्रा ने सोमवार को विशेषतौर से अनुबंध पर अमल संबंधी पोर्टलष का शुभारंभ किया। वेबसाइट में अनुबंधों पर अमल के मानदंडों पर किए जा रहे विधायी एवं नीतिगत सुधारों से संबंधित व्यापक जानकारी का स्रोत होने की परिकल्पना की गयी है। पोर्टल पर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के वाणिज्यिक मामलों को समर्पित न्यायालयों में व्यावसायिक मामलों के कामकाज एवं निपटान से जुड़े नवीनतम आंकड़े भी उपलब्ध हैं।

### 4 ट्रांजेक्शन के बाद एसबीआई पहली जुलाई से लेगा हर निकासी पर शुल्क

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) अब मूल बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) खाताधारकों से एक महीने में चार मुफ्त लेनदेन से अधिक नकद निकासी पर शुल्क लेगा। इन ग्राहकों से एक साल में 10 पन्ने के बाद चेक बुक के लिए भी शुल्क लिया जाएगा। बीएसबीडी खातों के लिए सेवा शुल्क में संशोधन के अनुसार एसबीआई एक जुलाई 2021 से 'अतिरिक्त मूल्य वर्धित सेवाओं' के लिए 15 रुपये से 75 रुपये तक शुल्क लेगा। बीएसबीडी खाताधारकों के लिए गैर–वित्तीय लेनदेन और हस्तांतरण लेनदेन शाखाओं, एटीएम, सीडीएम (नकद वितरण मशीन) पर मुफ्त होंगे। एसबीआई ने कहा कि वह बैंक शाखाओं, एसबीआई एटीएम या अन्य बैंक के एटीएम से 4 मुफ्त नकद निकासी से अधिक लेनदेन के लिए प्रति नकद निकासी पर 15 रुपये शुल्क लेगा और इस पर जीएसटी अतिरिक्त होगा। एसबीआई ने कहा, 'चार मुफ्त नकद निकासी (एटीएम और शाखा सहित) से अधिक लेनदेन पर शुल्क वसूल किया जाएगा।श इसी तरह चेक बुक सेवाओं के लिए एक वित्त वर्ष में पहले 10 चेक निःशुल्क होंगे और उसके बाद चेकबुक के 10 पन्नों पर 40 रुपये और 25 पन्नों पर 75 रुपये का शुल्क लिया जाएगा। इसके लिए जीएसटी अलग से जोड़ा जाएगा। एसबीआई ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक ग्राहकों को चेक बुक सेवाओं पर छूट दी गई है।

## संक्षिप्त



### जर्मनी को हराकर इंग्लैंड यूरो 2020 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

लंदन। रहीम स्टर्लिंग और कप्तान हैरी केन के दूसरे हाफ में दागे गोलों की बदौलत इंग्लैंड ने मंगलवार को यूरोपीय फुटबॉल चौंपियनशिप में जर्मनी को 2–0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अंतिम 16 के मुकाबले में वेम्बले स्टेडियम में इंग्लैंड की ओर से स्टर्लिंग ने 75वें मिनट और केन ने 86वें मिनट में गोल दागा। केन का यूरो 2020 में यह पहला गोल है जिससे विश्व कप 2018 के गोल्डन बूट विजेता के ऊपर से दबाव कुछ कम हुआ होगा। यह मैच टीम के कोच गैरेथ साउथगेट के लिए काफी भावनात्मक रहा। 25 साल पहले ओल्ड वेम्बले स्टेडियम में साउथगेट पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए थे जिससे इंग्लैंड की टीम यूरो 1996 के फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही थी। उस मुकाबले में इंग्लैंड के गोलकीपर की भूमिका निभा रहे डेविड सीमैन भी मंगलवार को दर्शकों के बीच मौजूद थे। वेम्बले स्टेडियम में प्रिंस विलियम, उनकी पत्नी केट और सात साल का बेटा जॉर्ज भी प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे थे। पूर्व कप्तान डेविड बैकहम और एड शीरन भी दर्शकों के बीच वीआईपी स्टैंड में मौजूद थे। क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड का सामना युक्रेन से होगा।

### कमजोर मांग से रिफाइंड सोया वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से वायदा कारोबार में मंगलवार को रिफाइंड सोया तेल का दाम एक रुपये की गिरावट के साथ 1,233 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। नेशनल कमोडिटी एण्ड डेरिवेटिव्ज एक्सचेंज में जुलाई माह में डिलीवरी के लिये रिफाइंड सोया तेल के वायदा अनुबंध का भाव एक रुपये यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,233 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। इस अनुबंध में 37,155 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि पर्याप्त स्टॉक के मुकाबले कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का कटान करने के कारण यहां वायदा कारोबार में रिफाइंड सोया तेल कीमत में गिरावट आई।

### कमजोर मांग से तांबा वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। घरेलू हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच कारोबारियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को तांबा की कीमत 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 712.65 रुपये प्रति किलो रह गयी।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई माह में डिलीवरी होने वाले अनुबंध के लिये तांबा का भाव 7.40 रुपये यानी 1.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 712.65 रुपये प्रति किलो रह गया। इसमें 4,578 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार की कमजोर मांग के कारण सटोरियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से यहां वायदा कारोबार में तांबा कीमतों में गिरावट आई।

### हाजिर मांग के कारण जस्ता वायदा कीमतों में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के कारण वायदा कारोबार में मंगलवार को जस्ता वायदा भाव 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 235 रुपये प्रति किलो हो गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में जुलाई माह में डिलीवरी होने वाले जस्ता अनुबंध का भाव 20 पैसे यानी 0.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 235 रुपये प्रति किलो हो गया। इसमें 176 लॉट के लिये सौदे किये गये। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि हाजिर बाजार में उपभोक्ता उद्योगों की मांग में तेजी के बाद व्यापारियों द्वारा ताजा सौदों की लिवाली करने से मुख्यतरू जस्ता वायदा कीमतों में तेजी आई।

### मुनाफावसूली से सेंसेक्स 186 अंक टूटा, निफ्टी 15,800 अंक से नीचे आया

मुंबई। निवेशकों की मुनाफावसूली के बीच आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में गिरावट से मंगलवार को सेंसेक्स 186 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 185.93 अंक या 0.35 प्रतिशत के नुकसान से 52,549.66 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 66.25 अंक या 0.42 प्रतिशत टूटकर 15,748.45 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक बैंक का शेयर सबसे ज्यादा एक प्रतिशत से अधिक टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज ऑटो, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एसबीआई तथा एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर पावरग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, डॉ. रेड्डीज तथा नेस्ले इंडिया के शेयर लाभ में रहे। रिलायंस सिक्योरिटीज के रणनीति प्रमुख विनोद मोदी ने कहा कि वित्तीय, वाहन और धातु कंपनियों में मुनाफावसूली से बाजार नीचे आया। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से भी धारणा प्रभावित हुई। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और जापान के निक्की में नुकसान रहा। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार लाभ में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0. 27 प्रतिशत के नुकसान से 73.94 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

### कमजोर मांग से धनिया वायदा कीमतों में गिरावट

नयी दिल्ली। हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को धनिया की कीमत 28 रुपये की गिरावट के साथ 6,722 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई। एनसीडीईएक्स में धनिया के जून माह में डिलीवरी वाले अनुबंधा की कीमत 28 रुपये अथवा 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,722 रुपये प्रति क्विन्टल रह गई जिसमें 6,660 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

## सम्पादकीय........

# संभव है तीसरी लहर से बचाव

समूचा विश्व एक अनिश्चितता के माहौल से गुजर रहा है. कुछ देशों में टीकाकरण तेजी से हो रहा है, तो कुछ देशों में ऐसे अभियान के बीच में ही कोरोना संक्रमण में बढ़ोतरी की चुनौती सामने आ गयी. भारत में टीकाकरण हो रहा है और पर इस मामले में बहुत सारा काम अभी बाकी है. डेढ़ साल के महामारी के दौर में दुनियाभर में 18 करोड़ के आसपास लोग संक्रमित हुए हैं और करीब 40 लाख लोगों की मौत हुई है. हमारे देश में पहली लहर के दौरान एक दिन में सबसे अधिक मौतों की संख्या 1200 थी, जबकि दूसरी लहर में यह आंकड़ा 4500 से ऊपर रहा.दूसरी लहर की अत्यधिक संक्रामकता के कई कारण हो सकते हैं. इनमें एक वजह कोरोना वायरस के रूप में बदलाव है. मई में देश के 530 जिलों में रोजाना संक्रमण की संख्या 100 से अधिक थी. संक्रामकता दर औसतन 21 प्रतिशत थी, पर कुछ ऐसे इलाके भी थे, जहां यह आंकड़ा 30–40 प्रतिशत रहा था. अब जो दूसरी लहर बहुत कमजोर हुई है, उसका मुख्य कारण लॉकडाउन जैसी पाबंदियों को लगाना रहा है तथा लोगों ने भी निर्देशों पर अधिक अमल शुरू कर दिया है.अब जो हमारे सामने वायरस के वैरिएंट हैं, जैसे– डेल्टा, गामा, अल्फा, बीटा आदि– वे पूर्ववर्ती वायरस के म्यूटेंट हैं. किसी भी वायरस में म्यूटेशन होना आम बात है. इन बदलावों में कुछ उसके संक्रमण को बढ़ाने और संक्रमित को गंभीर रूप से बीमार करने का कारण बनते हैं, जिससे वह जल्दी खत्म नहीं होता. डेल्टा के अलावा पहले उल्लिखित सभी वैरिएंट हमारे देश में भी मिले हैं, पर सबसे अधिक संक्रामक अल्फा है, जो सबसे पहले ब्रिटेन में पाया गया था. महाराष्ट्र में इसमें और म्यूटेशन हुआ, जिसे हम डेल्टा के नाम से जानते हैं. भारत में 28 प्रयोगशालाओं का एक समूह है, जिनमें अब तक 45 हजार ऐसे वायरस नमूनों का अध्ययन हुआ है. डेल्टा वैरिएंट भारत में ही नहीं, अन्य कई देशों में मौजूद है. इसकी खासियत यह है कि इसकी संक्रामकता अधिक हो गयी है. दक्षिण अफ्रीका में पाया गया कि इसने वैक्सीन की क्षमता को कुछ कम कर दिया है. इसके बदले रूप को डेल्टा प्लस का नाम दिया गया है. इस वैरिएंट की टीकारोधी क्षमता के बारे में अभी अध्ययन हो रहे हैं. दूसरी लहर के दौरान ऐसा कहा गया कि वैज्ञानिकों ने समय रहते ऐसी आपदा के बारे में चेतावनी नहीं दी थी. अब सभी तीसरी लहर की आशंका जता रहे हैं, जिसमें शायद बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं. इस कारण चिंता भी अधिक है. हमारे यहां 18 साल से कम आयु के बच्चे आबादी का 40 प्रतिशत हैं. इनके लिए देश में अभी वैक्सीन उपलब्ध नहीं है. पर तीसरी लहर के आने या न आने को लेकर कोई भविष्यवाणी नहीं कर सकता क्योंकि इसके लिए बहुत सारी जानकारियों की दरकार है. सो, अभी जतायी जा रही आशंकाएं अटकलें ही हैं. लेकिन, जो भी लहर आये और जब भी आये, जो हमें बचने के लिए करना है, उसमें कोई खास परिवर्तन नहीं आया है. हम संक्रमण से बचे रहने के लिए जो कुछ आज कर रहे हैं, वही उपाय हमें आगे भी करते रहना है. अगर तीसरी लहर आती भी है, तो ऐसा करने से उसका प्रभाव कम–से–कम होगा.अभी हम जो उपाय अपना रहे हैं, उन्हें चार भागों में बांटा जा सकता है. एक तो यह है कि हमारा व्यवहार कैसा है. क्या हम कोविड–19 से बचाव के लिए सुझाये गये निर्देशों का सही ढंग से पालन कर रहे हैं?

## आज का राशिफल

मेष :– आज सावधानी बरते। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा। बाहर के खानपान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है। कार्य समयानुसार पूर्ण नहीं होंगे।

वृषभ :– आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने–फिरने से आनंद–उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

मिथुन :– आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने–फिरने से आनंद–उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर भी आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

कर्क :– आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी। किसी के साथ वाद–विवाद न कीजिएगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है। पारिवारिक वातावरण में शांति बनी रहेगी।

सिंह :– आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। फिर भी मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं। परिश्रम के अनुरूप परिणाम मिलेगा। विद्यार्थियों को कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

कन्या :– गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

तुला :– आज गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

वृश्चिक :– गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा।

धनु :– गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

मकरः– सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है।

# आक्सीजन चोर कौन?

**राजेंद्र शर्मा**

*वह सारे देश और दुनिया की देखी–जानी सच्चाइयों को ही झुठलाने में लगा हुआ है। इसका ताजातरीन साक्ष्य, दिल्ली में आक्सीजन की तंगी के मुद्दे पर एक कथित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बहाने से, भाजपा के शीर्ष राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत, पूरे संघ तंत्र द्वारा छेड़ा गया प्रचार हमला था। इस हमले के जरिए दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर न सिर्फ दूसरी लहर के चरमोत्कर्ष के दौर में दिल्ली की आक्सीजन की मांग को पूरे चार गुना बढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया जा रहा था बल्कि कमोबेश इसके आरोप भी लगाए जा रहे थे कि आक्सीजन की अपनी अतिरंजित मांग से दिल्ली ने, दूसरे राज्यों के हिस्से में से आक्सीजन हड़प ली थी और इस तरह देश के अनेक हिस्सों में आक्सीजन की कमी और उसकी वजह से हुई।*

फ्रांस के बोरबोन राजाओं के बारे में जो कहावत प्रसिद्घ है कि ये राजा न कुछ भूलते थे और न कुछ सीखते थे, भारत के मौजूदा निजाम पर एकदम फिट बैठती है। और कोविड महामारी के वर्तमान भयानक संकट के बीच भी, वर्तमान निजाम की इस खासियत में रत्तीभर कमी नहीं आई है। वह सारे देश और दुनिया की देखी–जानी सच्चाइयों को ही झुठलाने में लगा हुआ है। इसका ताजातरीन साक्ष्य, दिल्ली में आक्सीजन की तंगी के मुद्दे पर एक कथित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के बहाने से, भाजपा के शीर्ष राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत, पूरे संघ तंत्र द्वारा छेड़ा गया प्रचार हमला था। इस हमले के जरिए दिल्ली की केजरीवाल सरकार पर न सिर्फ दूसरी लहर के चरमोत्कर्ष के दौर में दिल्ली की आक्सीजन की मांग को पूरे चार गुना बढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया जा रहा था बल्कि कमोबेश इसके आरोप भी लगाए जा रहे थे कि आक्सीजन की अपनी अतिरंजित मांग से दिल्ली ने, दूसरे राज्यों के हिस्से में से आक्सीजन हड़प ली थी और इस तरह देश के अनेक हिस्सों में आक्सीजन की कमी और उसकी वजह से हुई मौतों के लिए भी, आप जैसी विपक्षी पार्टियों की सरकारें ही जिम्मेदार थीं, न कि नरेंद्र मोदी की सरकार। और जैसा कि अब आम नियम ही हो गया है, संघी ट्रोल सेनाएं इसके प्रचार के लिए टूट पड़ीं कि कैसे विपक्षी पार्टियों ने षड़यंत्र कर के देश में आक्सीजन की झूठी कमी पैदा करने की कोशिश की थी, ताकि देश–विदेश में नरेंद्र मोदी की सरकार को बदनाम किया जा सके। याद रहे कि इससे पहले इसी तरह, कोविड–19 की दूसरी लहर में मोदी सरकार की घोर विफलता की बढ़ती आलोचनाओं को, कांग्रेस पार्टी के श्टूल किटश की ही उपज साबित करने की कोशिश की गई थी, जिसके सिलसिले में भाजपा के शीर्ष राष्ट्रीय प्रवक्ता समेत कुछ मंत्रियों के ट्वीटों पर श्फर्जी मीडियाश का ठप्पा लगाने के लिए, ट्विटर के खिलाफ मोदी सरकार द्वारा छेड़ा गया युद्ध अब तक शांत नहीं हुआ है।मोदी सरकार को जिम्मेदारी से बचाने की यह कोशिश इतनी बेतुकी है कि अगर इसमें भविष्य के लिए खतरनाक इशारे नहीं छुपे होते तो, इसका मजाक भर उड़ाकर छोड़ा जा सकता था।



आखिरकार, अगर बहस के लिए यह भी मान लिया जाए कि दिल्ली की सरकार ने वाकई आक्सीजन की अपनी मांग को बढ़ा–चढ़ाकर रखा था, तब भी उसकी बढ़ी–चढ़ी मांग, देश के अनेक हिस्सों में देखने में आई आक्सीजन की कमी की जिम्मेदारी से, मोदी सरकार का बचाव कैसे हो सकती है? पहली बात तो यही है कि इसके कोई साक्ष्य नहीं हैं कि दिल्ली सरकार की ऐसी किसी अतिरंजित मांग के केंद्र सरकार द्वारा पूरा किए जाने से, अन्य राज्यों के आक्सीजन के हिस्से में कमी की गई हो। सच्चाई यह है कि दिल्ली में आक्सीजन की कमी से अनेक मौतें होने और कई अस्पतालों व नागरिक संगठनों के इस मुद्दे पर दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाने के बावजूद, यही तथ्य सामने आया था कि वास्तव में दिल्ली के लिए केंद्र सरकार द्वारा तय किए कोटा के बराबर आक्सीजन की भी मुश्किल से ही आपूर्ति हो पा रही थी। यहां तक कि अदालत के दिल्ली के केंद्र द्वारा तय किए गए कोटा से दोगुनी आक्सीजन देने के आदेश के बाद भी, हाईकोर्ट में ही दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली को कई दिन तक उसके केंद्र द्वारा निर्धारित किए गए विवादित कोटे से भी कम आक्सीजन ही मिल रही थी। तब कहा जा रहा था कि दिल्ली की सरकार चूंकि आक्सीजन उत्पादक कारखानों से आक्सीजन की ढुलाई के लिए क्रायोजैनिक टैंकरों की पर्याप्त संख्या नहीं जुटा पाई थी, इसीलिए दिल्ली को अपने हिस्से की पूरी आक्सीजन नहीं मिल पा रही थी। यह दूसरी बात है कि ज्यादा हो–हल्ला मचने पर मोदी सरकार को मानना पड़ा कि हजारों किलोमीटर दूर से और विशेषीकृत टैंकरों में द्रव आक्सीजन की ढुलाई का जिम्मा राज्यों पर ही नहीं छोड़ा जा सकता है और तब तो और भी नहीं जब मामला चिकित्सकीय आक्सीजन जैसी, आपदा नियंत्रण कानून के अंतर्गत आवश्यक वस्तु की उपलब्धता सुनिश्चित करने का हो।जाहिर है कि जब आक्सीजन संकट के सबसे गंभीर दौर में दिल्ली को खुद केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए कोटे से ज्यादा आक्सीजन मिली ही नहीं थी, तो केजरीवाल सरकार के बढ़ी–चढ़ी मांग करने से भी, देश के दूसरे हिस्सों के लिए आक्सीजन में कमी कैसे पैदा हो सकती थी? साफ है कि दिल्ली सरकार के आक्सीजन की बढ़ा–चढ़ाकर मांग करने का प्रचार तो सिर्फ बहाना था, मकसद मोदी सरकार को आक्सीजन की कमी के संकट की जिम्मेदारी से बचाना था। आखिरी बात यह कि अगर दिल्ली सरकार की मांग के दबाव में, आक्सीजन की सीमित मात्रा में से दिल्ली का हिस्सा बढ़ भी गया होता और दूसरे राज्यों का हिस्सा कम भी हो गया होता, तब भी मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार, दूसरे राज्यों में आक्सीजन की तंगी की जिम्मेदारी से कैसे बच सकती थी। आखिरकार, आपदा नियंत्रण कानून के तहत, देश में आक्सीजन के वितरण के निर्णय पूरी तरह से केंद्र सरकार के ही हाथों में थे, जबकि राज्य सरकारें अपनी–अपनी मांगों को उसके सामने उठा भर सकती थीं। ऐसे में कोई भी राज्य सरकार, अपनी मांग को बढ़ा–चढ़ाकर रख सकती है बल्कि राज्य सरकारों से सामान्यतरू ऐसा ही करने की अपेक्षा की जाती है।केंद्र सरकार की ही जिम्मेदारी थी कि उपलब्ध सीमित संसाधनों का राज्यों के बीच वितरण करे और किसी ऐसे वस्तुगत मानक के आधार पर वितरण करे, जिससे यह वितरण न्यायपूर्ण हो। मोदी सरकार ऑक्सीजन का ऐसा न्यायपूर्ण वितरण करने में भी विफल रही थी, जिसका पता इस तथ्य से चलता है कि दिल्ली सरकार द्वारा न्यायालय के सामने आक्सीजन के वितरण के केंद्र सरकार के मानदंड पर उठाए गए ऐसे प्रश्नों तक का, केंद्र सरकार अदालतों को संतुष्टड्ढ करने वाला कोई जवाब नहीं दे पाई थी कि क्यों दिल्ली के लिए उसकी मांग के आकलन से बहुत कम कोटा तय किया गया था, जबकि दूसरे कई राज्यों को मांग के उनके अपने आकलन से काफी ज्यादा कोटा दिया गया था?और यह केंद्र सरकार को आक्सीजन संकट के लिए जिम्मेदारी से बचाने की भाजपा समेत समूचे संघ परिवार की कोशिशों की बदहवासी का ही सबूत है कि सुप्रीम कोर्ट में पेश की गई एक कथित रिपोर्ट के आधार पर, पिछले हफ्ते पूरे सत्ताधारी परिवार द्वारा यह साबित हो जाने के दावे किए जा रहे थे कि अप्रैल–मई के देश के आक्सीजन संकट के लिए, दिल्ली की केजरीवाल सरकार का राजधानी के लिए ज्यादा आक्सीजन की मांग किया जाना ही जिम्मेदार था। लेकिन, जल्द ही ऐसी किसी रिपोर्ट के अस्तित्व पर ही सवाल उठने शुरू हो गए। पहले तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित पांच सदस्यीय समिति के दो सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश किए जाने के लिए ऐसी किसी रिपोर्ट के स्वीकार किए जाने में अपनी भागीदारी से ही साफ शब्दों में इंकार कर दिया। बाद में खुद संबंधित कमेटी के अध्यक्ष, एआईएम्स के निदेशक, रणधीर गुलेरिया को सार्वजनिक रूप से यह स्पष्टड्ढ करना पड़ा है कमेटी की अंतिम रिपोर्ट अभी तैयार ही नहीं हुई है। और जो अंतरिम रिपोर्ट तैयार भी की गई है, उस पर जबरन इस तरह के निष्कर्ष थोपने की कोशिश की जा रही है कि दिल्ली सरकार, वास्तविक आवश्यकता से चार गुनी आक्सीजन की मांग कर रही थी। और ठीक इसी में बोरबोन राजाओं के वर्तमान भारतीय अवतार का असली खतरा छुपा हुआ है। यह तेजी से अलोकप्रिय होती एक पार्टी की अपने किसी भी तिकड़म से अपने खिसकते समर्थन को संभाले रखने की कोशिश का ही मामला नहीं है। यह संकट के इस दौर में एक निरंकुश शासन के कुछ न सीखने तथा कुछ न भूलने के चलते, बार–बार साबित हुई गलतियों को भी दुरुस्त करने के बजाय दोहराने का ही मामला है।

# लोकतंत्र के सुंदर चेहरे पर दागनुमा है वीआईपी कल्चर

**डॉ. दीपक पाचपोर**

इस मायने में भारत का ज्ञात इतिहास ज्यादातर देशों से कमोवेश बहुत अलग नहीं है जहां लोकतांत्रिक विकास राजशाही, सामंतशाही, जमींदारी प्रथा से होता हुआ वर्तमान शासन प्रणाली तक पहुंचा है। हमारे यहां राजनीति के प्रारंभिक दौर में ज्यादातर ये ही लोग (राजा–महाराजा, अमीर–उमराव) सियासत और सत्ता पर पकड़ बनाये हुए थे, फिर भी आजादी के तुरन्त बाद के कुछ काल में जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लाल बहादुर शास्त्री एवं बाद में मोरारजी देसाई जैसे लोगों ने सादगी भरे जीवन का अनुपालन किया जो महात्मा गांधी के मन–वचन–कर्म से अनुप्रेरित था। हमारे राजनैतिक किस्सों में ये लोग अपनी सीधी–सादी जीवन प्रणाली के लिये आज भी याद किये जाते हैं। दुर्भाग्य से यह शैली लम्बे समय तक बरकरार नहीं रही और आज वीआईपी कल्चर हमारे सामाजिक–राजनैतिक जीवन में किसी असाध्य बीमारी की तरह अपना घर बना चुका है। यह अब सुरक्षा व्यवस्था से बढ़कर समग्र लोकतांत्रिक व्यवस्था के ही खिलाफ दृ ष्टिगोचर हो रहा है। इंदिरा गांधी ने इस अति विशिष्ट लोगों की संस्कृति और रिवाजों का प्रवर्तन किया। उनके समय में संजय गांधी एवं चंद्रास्वामी जैसे लोगों को श्अति विशिष्ट व्यक्तिश का दर्जा मिला जो किसी संवैधानिक पद पर नहीं थे। स्वयं इंदिरा गांधी की हत्या के चलते महत्वपूर्ण लोगों की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त करने के नाम पर वीआईपी संस्कृति और भी विकसित हुई। राजीव गांधी से लेकर कई राजनीतिज्ञों, मंत्रियों, उद्योगपतियों, बिल्डरों, सिनेमा कलाकारों, कामगार नेताओं, गैंगस्टरों, माफियाओं आदि की हत्याओं के कारण यह संस्कृति अत्यंत फल–फूल चुकी है। कुछ अति विशिष्ट बन गये लोगों की जान के संभावित नुकसान के नाम पर हमारे सुरक्षा बलों की बड़ी ऊर्जा, समय और संसाधन जाया हो रहे हैं।इसके कारण वे अपना मूल काम यानी जनसुरक्षा एवं अपराध अन्वेषण प्रभावी ढंग से नहीं कर पाते। दुखद पहलू तो यह है कि इनमें से ज्यादातर ऐसे हैं जिन्हें भारी–भरकम सुरक्षा की आवश्यकता ही नहीं है। जनता के टैक्स से मिलने वाली इस सुरक्षा का उपयोग वे समाज में अपना दबदबा कायम करने, लोगों को धमकाने, अनधिकृत स्थानों में प्रवेश करने अथवा अपना व्यवसाय चलाने जैसे कई उल्टे–सीधे कामों को साधने के लिये करते हैं। भारत में वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था का राजनैतिक दुरुपयोग भी भरपूर होता है। जिनके हाथ में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने और मुहैया कराने की शक्ति है, वे अपने राजनैतिक आकाओं को खुश करने के लिए भी इसका उपयोग करते हैं। हाल ही में कुल्लू में एक केन्द्रीय मंत्री व हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के सामने ही सुरक्षा एजेंसी के अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस अधिकारी के बीच मारपीट हो गई जो इसी बात का उदाहरण है। परिपक्व लोकतंत्र वाले कई यूरोपीय देश, कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि इस मामले में आदर्श कहे जा सकते हैं। यहां कोई राष्ट्रपति जमीन पर घुटनों के बल पर बैठकर किसी कोरोना मरीज की व्यथा सुनता है तो कोई अपनी गिराई कॉफी स्वयं साफ करता है, कोई पीएम खुद कार चलाकर अपने पत्रकार मित्र को लेने एयरपोर्ट पहुंचती है तो कहीं पूर्व राष्ट्रपति परिवार सहित सामान्य रेस्त्रां में भोजन करते हैं या खरीदारी करते हैं। इसके विपरीत भारत का वीआईपी कल्चर थमने का नाम नहीं ले रहा है क्योंकि अब यह राजनैतिक हितों को साधने के लिये हो रहा है। अनेक उद्योगपति, सिने कलाकार, धार्मिक नेता, खिलाड़ी, पत्रकार, मंत्री या नेता अथवा उनके रिश्तेदार वीआईपी बनकर समाज में विचरण करते हैं। यहां तक कि हमारे यहां उन अपराधियों को तक वीआईपी बना दिया जाता है जो स्वयं समाज के अन्य लोगों अथवा वर्गों के लिये खतरा हैं। वीआईपी कल्चर पर लिखने की नौबत इसलिये आई है क्योंकि हाल ही में हमारे राष्ट्रपति के काफिले के लिये रोके गये ट्रैफिक में फंसकर एक बीमार महिला की मौत हो गई। राष्ट्रपति द्वारा अफसोस जताकर, कुछ उच्च पुलिस अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजनों से घर जाकर माफी मांगने और कुछ छोटे पुलिस कर्मियों को निलम्बित कर खानापूरी कर ली गई। कोई परिपक्व लोकतांत्रिक देश होता तो संभवतरू जिम्मेदार अधिकारियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला बन जाता, लेकिन व्यक्ति पूजा वाले इस देश में इसकी कोई संभावना नहीं हो सकती। पहले भी वीआईपी के काफिलों से टकराकर लोगों के घायल होने या उनकी मौत होने की घटनाएं सामने आती रही हैं पर किसी पर कोई कार्रवाई नहीं होती क्योंकि कार्रवाई के लिये उत्तरदायी लोग ही इन घटनाओं के भी जिम्मेदार होते हैं। इसके साथ ही, वीआईपी काफिलों व सुरक्षा से घिरे विशिष्टजनों के प्रतिभा मंडल से आम जनता भी सम्मोहित रहती है। अति विशिष्ट लोगों की सुरक्षा व्यवस्था से इंकार नहीं किया जा सकता पर हमारे देश में उसका स्वरूप एवं आकार जितना बढ़ा हुआ है वह हमारे जैसे देश के लिये निश्चित ही शर्मनाक है जहां आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी बुनियादी जरूरतें भी पूरा नहीं कर पाता। यह बेहद खर्चीली व्यवस्था है और लोकतंत्र विरोधी भी। वीआईपी कल्चर असमानता पैदा करता है। लोकतंत्र में वैसे तो सभी नागरिक समान होते हैं पर वीआईपी दर्जा कुछ लोगों को उच्च श्रेणी में डाल देता है। पद के अनुसार मिलने वाला यह दर्जा समझ में आ सकता है, परन्तु किसी को केवल सत्ता से नजदीकी के कारण अथवा न्यूनतम आवश्यकता से बढ़ाकर दी जाने वाली सुरक्षा अन्य लोगों को दोयम दर्जे का नागरिक बना देती है। यह समानता के नियम का उल्लंघन है। दूसरी तरफ, इसके कारण लोगों की नागरिक स्वतंत्रता भी बाधित होती है। बेहद प्रचलित शब्द श्वीआईपी मूवमेंटश के अंतर्गत रास्ते बंदकर लोगों को घंटों रोक दिया जाता है। देश की बड़ी जनसंख्या सड़कों के किनारे दुकानें लगाकर, जमीनों पर बैठकर या फिर ठेलों से अपनी आजीविका कमाती है। नाई, दर्जी, धोबी, परचून दुकानदार, आटो या रिक्शा चलाने अथवा मेहनत–मजदूरी करने वाले गरीब व निम्न–मध्यवर्गीय लोग उन रास्तों के बंद होने से अपनी दैनिक कमाई से हाथ धो बैठते हैं जहां से होकर ये अति विशिष्ट लोग गुजरते हैं। कभी–कभी तो सुरक्षा दस्ते एक रोज पहले से ही रास्तों–बस्तियों–कालोनियों को घेर लेते हैं जिसके कारण वे अपने काम पर नहीं जा सकते, जब तक कि विशेष व्यक्ति वहां से गुजर न जाएं। यह नागरिकों के मुक्त विचरण एवं रोजगार संबंधी हकों का सीधा हनन है। वीआईपी काफिलों में फंसे निर्दोष लोगों की सुरक्षाकर्मियों द्वारा पिटाई, धक्का–मुक्की, गाली–गलौज आम बात है।गरमी हो या ठंड अथवा बारिश– स्कूल जाते बच्चों की बसें या अन्य वाहन, परिवहन, पैदल चलते लोगों को वीआईपी के आगमन के घंटों पहले से ही रोक दिया जाता है। जरूरी कामों से जाते लोग ही नहीं वरन एम्बुलेंसों को तक ऊपर के आदेशों का आंखें मूंदकर पालन करने वाले अधिकारियों द्वारा रोका जाता है। इस तरह देखें तो वीआईपी की अवधारणा अपने आप में न केवल लोकतंत्र व संविधान विरोधी है बल्कि यह बहुत ही संवेदनाशून्य और क्रूर प्रणाली है। उसे आम लोगों की ट्रेनें छूटने, परीक्षाओं में न पहुंच पाने या लोगों के मर जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। स्वतंत्रता एवं समानता के सिद्धांतों पर आधारित लोकतंत्र के खूबसूरत चेहरे पर वीआईपी कल्चर एक गंदा दाग है जिसे मिटाने की मांग नागरिकों द्वारा की जानी चाहिये। सरकार या राजनैतिक दलों से इसकी उम्मीद करना बेकार है क्योंकि हमारी सारी सियासत इस संस्कृति का संरक्षण एवं संवर्धन करती है। किसी को वीआईपी बनाना या उससे यह दर्जा छीन लेना सरकार के हाथ में होता है, जिसका उपयोग वह अपने राजनैतिक हितों को साधने में करती है। इसलिये इस संस्कृति को समाप्त करने में वह कोई पहल करने से रही। जब तक वीआईपी रहेंगे, शेष लोगों की गिनती दोयम दर्जे के नागरिकों के रूप में होती रहेगी। समानता, स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए इसका उन्मूलन आवश्यक है।

# कायनात अरोड़ा को बॉलीवुड में पहली फिल्म के बाद नहीं मिला काम!



आज इस आर्टिकल में हम आपको बॉलीवुड की एक ऐसी एक्टर्स के बारे में बताने जा रहे हैं जिसकी खूबसूरती के चर्चे पूरे भारत में है लेकिन फिर भी उनकी पहली फिल्म उनके करियर की आखिरी फिल्म बनती हुई नजर आ रही है। जिस बॉलीवुड अभिनेत्री की हम बात कर रहे हैं उसका नाम कायनात अरोड़ा है। कायनात ने अपने अभिनय की शुरुआत साल 2010 से की थी। उन्होंने सबसे पहले एक आइटम गाने पर अपने अभिनय को दर्शाया था। कायनात ने हिंदी फिल्म श्खट्टा मीठाय के गाने श्आइला रे आइलाय में डांस किया था। उसके बाद उन्होंने साल 2013 में इंद्र कुमार फिल्म ग्रैंड मस्ती से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। जिसमें उनके सहयोगी कलाकार थे विवेक ओबेरॉय, आफताब शिवदासानी और रितेश देशमुख। उनकी फिल्म ब्लॉकबास्टर हिट रही। इस फिल्म में कायनात ने मार्लो का रोल किया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस में 100 करोड़ का कारोबार किया था और इस फिल्म में जमकर बोल्ड सीन दर्शाए गए थे इस फिल्म में कायनात अरोड़ा की एक्टिंग की तारीफ भी हुई थी लेकिन फिर भी कायनात अरोड़ा को अब फिल्में नहीं मिलती। इस तरह कायनात पहली फिल्म से ही चर्चा में आ गई। उन्होंने बॉलीवुड के अलावा मलयालम, पंजाबी फिल्मों में भी काम किया है। कायनात अरोड़ा की खूबसूरती देखते ही बनती है अक्सर यह सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती है और अपनी हॉट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। वह मशहूर अभिनेत्री दिव्या भारती की दूसरी चचेरी बहन हैं। कायनात अरोड़ा का असली नाम श्चारुय है। उन्हें एक बार जर्मनी जाने की अनुमति नहीं मिली थी क्युकी उनके कागजी पत्रों में उनकी जन्म तरीक भी दूसरी थी और नाम भी श्चारुय था। बाद में उन्होंने दोनों को बदल लिया था। कायनात के लव लाइफ की जानकारी फिघ्लहाल मालूम नहीं है और नाहीं उन्हें कभी किसी के साथ देखा गया है। कायनात के पसंदीदा चीजो की बात करे तो उनके पसंदीदा अभिनेता शाहरुखद्द खान और रनबीर कपूर हैं। कायनात की पसंदीदा फिल्म श्दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगेय और श्विश्वतमाँय हैं। निर्देशकों में कायनात को करन जौहर पसंद हैं। कायनात का पसंदीदा रंग काला है। कायनात अरोड़ा के हॉबी की बात करे तो उन्हें डांस करना, योगा करना और शॉपिंग करना पसंद है। उन्हें घूमने की जगहों में जर्मनी बहुत पसंद है।

## एकता कपूर के इस टीवी शो में काम करना चाहती हैं निक्की तंबोली



बिग बॉस 14 में नजर आने आने वाली निक्की तंबोली इन दिनों बैक टू बैक कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। इन दिनों निक्की तंबोली मशहूर स्टंट बेस्ड रियलिटी टीवी शो खतरों के खिलाड़ी सीजन 11 की शूटिंग कर रही है। खतरों के खिलाड़ी 11 की शूटिंग काफी समय से हो रही है। पिछले महीने में खतरों के खिलाड़ी की टीम केपटाउन शहर के लिए रवाना हुई थी। जहां से अक्सर टीवी सितारे अपनी तस्वीरें और वीडियो शेयर करते रहते है। अब इसी बीच निक्की तंबोली ने हाल ही में एक बातचीत में इस बात का खुलासा किया है कि, अगर उनको टीवी चैन एकता कपूर के टीवी शो में काम करने का मौका मिले तो जरूर करना चाहेंगी। निक्की तंबोली ने कहा कि, उनको अभिनय बहुत पसंद है और इसके बाद उस पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं। निक्की तंबोली ओटीटी प्लेटफार्म पर काम करने के लिए भी उत्साहित है। इसी के साथ वो साउथ फिल्मों में भी काम करना जारी रखेंगी। उनको कोई ऑफर मिलता है तो उनको कोई परेशानी नहीं है। निक्की तंबोली ने कहा कि अगर नागिन टीवी शो आफर होता है तो मैं आंखें बंद करके इस शो को करने के लिए हां कर दूंगी। इसका हिस्सा कोई भी बनना चाहेगा। एकता कपूर के साथ काम करने का कोई ऐसी चीज नहीं जिसे मैं कभी छोडना चाहूंगी। निक्की तंबोली की इस बात से ये साफ जाहिर हो रहा है कि वो एकता कपूर के नागिन टीवी शो के अगले सीजन में काम करने के लिए उतावली हो रही हैं।

## मानुषी छिल्लर अपनी तीसरी फिल्म में चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ दिखेंगी



पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर फिल्मों में आने से पहले ही लोकप्रियता हासिल कर चुकी हैं। वह भविष्य में कई महत्वपूर्ण फिल्मों का हिस्सा बन सकती हैं। वह अक्षय कुमार की पृथ्वीराज और विक्की कौशल की एक अनटाइटल फिल्म लेकर सुर्खियों में हैं। दिलचस्प है कि ये दोनों फिल्में यशराज फिल्म्स के बैनर तले बन रही हैं। अब खबर है कि मानुषी चंकी पांडे के भतीजे अहान पांडे के साथ यशराज बैनर की अपनी तीसरी फिल्म में नजर आएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, मानुषी यशराज बैनर तले बन रही अपनी तीसरी फिल्म में मौजूदगी दर्ज कराएंगी। खबरों की मानें तो वह इस फिल्म में अहान पांडे के साथ दिखने वाली हैं। एक सूत्र ने बताया, मानुषी यशराज फिल्म्स की फेवरेट बन गई हैं। हर कोई उनके समर्पण, काम करने के तरीके और पेशेवर रवैये की तारीफ कर रहा है। आदित्य चोपड़ा ने उनको शिव रवैल के सुपरहीरो प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया है। सूत्र ने आगे बताया कि मानुषी की इस फिल्म से चंकी के भतीजे अहान बॉलीवुड में कदम रखने वाले हैं। अहान मानुषी के अपोजिट भूमिका में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि आदित्य मानुषी के लिए अन्य प्रोजेक्ट पर भी विचार कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि विक्की की फिल्म की शूटिंग लगभग समाप्त हो चुकी है। पृथ्वीराज को भी शूट किया जा चुका है, केवल कुछ डबिंग का काम बचा हुआ है। मानुषी इस फिल्म की शूटिंग तब शुरू करेंगी, जब फिल्म के बाकी कास्ट की डेट तय कर ली जाएगी। इस फिल्म का निर्देशन शिव द्वारा किया जाएगा। मानुषी के करियर की बात करें तो उन्होंने मॉडलिंग में अपनी खास पहचान बनाई है। मानुषी ने 2017 में मिस वर्ल्ड का खिताब हासिल करने के बाद रातों–रात लोकप्रियता हासिल की थी। इस ताज को जीतने वाली वह छठी भारतीय थीं। मानुषी के फैंस उन्हें फिल्मों में देखने की प्रतीक्षा में हैं। मानुषी की फिल्म पृथ्वीराज एक इतिहास पर आधारित फिल्म है। फिल्म का निर्देशन चंद्रप्रकाश द्विवेदी ने किया है। इसमें वह पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभा रहे अक्षय के साथ अहम भूमिका में नजर आएंगी। इसमें सोनू सूद को दरबारी कवि की भूमिका में देखा जाएगा।

## दिव्या भारती की बहन कायनात हैं गजब की खूबसूरत











दिव्या भारती इस दुनिया में नहीं लेकिन उनकी खूबसूरती के आज भी लाखों लोग फैन हैं। कम लोग जानते हैं कि उनकी बहन कायनात भी इस इंडस्ट्री का हिस्सा हैं।

# यूपी के 11 जिलों में क्यों हारी सपा ?

### 11 जिलों का रिपोर्ट कार्ड

| जिला | कौन जीता (भाजपा) | कौन हारा (सपा) | सपा जिलाध्यक्ष हटाए गए |
|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | डॉ शैफाली सिंह | आमरीन | जयवीर सिंह यादव |
| झांसी | पवन गौतम | कमल गौतम | महेश कश्यप |
| बलरामपुर | आरती तिवारी | किरन यादव | रामनिवास मौर्य |
| ललितपुर | कैलाश निरंजन | अतल देवी यादव | तिलक यादव |
| मऊ | मनोज राय | रामनगीना यादव | धर्म प्रकाश |
| गौतमबुद्धनगर | अमित चौधरी | कोई कैंडिडेट नहीं | वीर सिंह यादव |

लखनऊ। यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनावों के नामांकन के दिन ही 17 जिलों में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इनमें से 11 जिले ऐसे हैं, जहां सपा अपनी गलत रणनीति की वजह से रेस से बाहर हो गई। इन जिलों में सपा जिलाध्यक्षों को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नाराजगी का सामना करना पड़ा। जिसके चलते उन्हें पद से हटा दिया गया। स्थानीय नेता बताते हैं कि इन जिलों में सपा ने जानबूझकर ढिलाई बरती। दो जिलों में कैंडीडेट नहीं उतारे और कुछ जिलों में नामांकन पत्र तक नहीं खरीदे गए। वजहरू सपा की लोकल लीडरशिप की भाजपा नेताओं से मिलीभगत के सपा फेल हो गयी। सपा ने दो बार कैंडिडेट घोषित किया। पहले कैंडिडेट का नाम काट दूसरा घोषित किया जिससे गुटबाजी बढ़ गयी। एन वक्त पर प्रस्तावक और अनुमोदक ही गायब हो गया। ऐसे में भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गया। वजहरू गौतम बुद्धनगर में जिला पंचायत सदस्य की 5 सीटें हैं। जिनमे से 3 पर भाजपा का कब्जा है। जबकि एक बसपा और एक निर्दल के कब्जे में है। सपा को यहां एक भी सीट नहीं मिली है। यही वजह रही है कि यहां सपा का कोई कैंडिडेट तक नहीं था। वजहरू सत्तापक्ष के दबाव में सपा की लोकल लीडरशिप बिखर गयी। जिन नेताओं को सपा कैंडिडेट को जिताने की जिम्मेदारी दी गयी थी। उनके खनन और तमाम ऐसे व्यापार हैं। जिसको लेकर प्रशासन ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। ऐसे में वह न्यूट्रल रह गए। जिसकी वजह से सपा कैंडिडेट नामांकन भी नहीं कर सकी। वजहरू सपा जिलाध्यक्ष ने खुद अपने बेटे के लिए टिकट मांगा था लेकिन नहीं मिला। जिसका नतीजा यह हुआ कि जिले में सबसे अधिक सदस्यों की संख्या होने के बावजूद सपा कैंडिडेट अपना नामांकन भी नहीं दाखिल कर पायी। सूत्र बताते हैं कि अंतिम समय में सभी ने अपने नंबर बंद कर कहीं गायब हो गए। सत्ता पक्ष ने सपा कैंडिडेट को छोड़कर सभी को मैनेज कर लिया था। वजहरू आगरा में जिपं सदस्यों के 51 पद है। जिसमे भाजपा के पास 18 हैं। बसपा के 20 और सपा के पास केवल 5 पद ही थे। जिसमें से एक महिला विरमा देवी है। आगरा सीट महिला आरक्षित होने की वजह से सपा इकाई ने इन्हें नामांकन पत्र भरने को कहा लेकिन जीत होती न देख विरमा देवी ने पर्चा ही नहीं दाखिल किया। ऐसे में सपा के पास कोई आप्शन नहीं बचा। ऐसे में इसका फायदा भी भाजपा को मिला। वजहरू भाजपा ने अपने एक बड़े नेता को कैंडिडेट जिताने की जिम्मेदारी दी थी। जिन्होंने अपने मैनेजमेंट से सपा को फेल कर दिया। भाजपा नेता के दबाव में किसी सपाई ने अपने कैंडिडेट का साथ नहीं दिया। बस दिखाने के लिए नामांकन के दिन धरना प्रदर्शन जरूर हुआ लेकिन वह भी फिक्स बताया जा रहा है। वजहरू भाजपा ने जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव जिताने का जिम्मा कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह को दिया था। यहां बृजभूषण सिंह का मुकाबला करने की ताकत सपा के सिर्फ एक ही नेता दिवंगत पंडित सिंह में थी।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने पत्रकार पर हमले की किया निंदा, दोषियों के गिरफ्तारी की मांग

अमिट रेखा एम हसन

अयोध्या। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जनपद अयोध्या ने पत्रकार पर हुए हमले की निंदा किया और आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग किया। जिलाध्यक्ष देव बक्श वर्मा ने कहा कि जब पत्रकार सुरक्षित नहीं है तो आमजन की क्या हालत है। उन्होंने कहा कि सरकार के दावे खोखले साबित हो रहे हैं। तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए। जिला महामंत्री अवधराम यादव ने कहा कि प्रदेश के मुखिया का दावा है कि पत्रकार की सुरक्षा होगी किन्तु आये दिन हमला व उत्पीड़न हो रहा है। जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि यदि पत्रकार पर हमला करने वालों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो पत्रकार आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के रवि प्रकाश गुप्ता, ध ार्मेन्द्र वर्मा,,दिनेश तिवारी, हृदय राम मिश्र, पवन पांडेय, जितेंद्र यादव, जयसिंह, विश्व नाथ तिवारी,अरूण मिश्र,रामनेत वर्मा, मो इशहाक,अजय कुमार मांझी, एस एन बागी, अनूप कुमार राजेन्द्र कुमार तिवारी,राजन, कालीदीनगौड, ओम प्रकाश वर्मा, अशोक वर्मा, दया शंकर मौर्य, राम प्रसाद तिवारी, प्रमोद दूबे , विन्देश्वर मिश्र आदि ने धटना की निंदा किया। अयोध्या जनपद के थाना कोतवाली नगर के कौशलपुरी कालोनी अपने घर जा रहे पत्रकार पर हुआ जानलेवा हमला,घायल अवस्था में जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती।,जिले के पत्रकार पाटेश्वरी सिंह पर जानलेवा हमला । पत्रकार प्रति दिन की तरह बाजार से सब्जी लेकर घर लौट रहे थे तभी स्कार्पियो सवार हमलावरों ने लोहे की रॉड से पीट पीट कर मरणासन्न कर दिया। जबतक आसपास के लोग दौड़े तबतक हमलावर भाग निकले। नाजुक हालत में पत्रकार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्रकार पाटेश्वरी सिंह कोतवाली नगर क्षेत्र के कौशलपुरी कॉलोनी में रहते हैं।

## बीती रात चोरी की घटना व अंजाम देने के फिराक में थे गैंगवार चोर

**– बाइक सवार चोरों को देख ग्रामीणों ने पकड़ कर जमकर की धुनाई**

अमिट रेखा प्रताप गढ। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सूड़े मऊ गांव घर के पास संदिग्ध दशा पकड़े गए चोर ग्रामीण पकड़कर पुलिस को सौंपा, पट्टी कोतवाली क्षेत्र के सूडेमऊ गांव निवासी मुन्ने मिश्र के घर के पास संदिग्ध दशा में लोगों को ग्रामीणों ने दबोचा ग्रामीणों के अनुसार यह चोरी करने की फिराक में थे इसी वजह से मध्य रात्रि में घर के पास मरा रहे थे ग्रामीणो ने पुलिस बुलाकर संदिग्ध लोगों को सौंप दिया।

## संयुक्त चिकित्सालय में उपलब्ध करायी गयी व्हील कुर्सी तथा स्टेजर

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। रोटरी क्लब द्वारा संयुक्त चिकित्सालय को दो व्हील कुर्सी व एक स्टेजर कराया उपलब्ध संयुक्त चिकित्सालय में जन सुविधाओ को सुलभ कराने हेतु रोटरी क्लब के माध्यम से जिलाधिकारी डा0उज्ज्वल कुमार ने सी एम एस डा0 ए0के0राय को दो व्हील कुर्सी व एक स्टेजर उपलब्ध कराया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि रोटरी क्लब द्वारा एक अच्छा प्रयास किया गया है। इससे जन सुविधाओं की कमी पूरी होगी । उन्होने कहा कि ऐसे कार्यो को करने की और आवश्यकता है ।उन्होने आशा ब्यक्त किया कि आगे भी आम जनमानस की स्वास्थ्य सुविधाएं को मुहैया कराने हेतु कार्य क्बल द्वारा किया जायेगा। उन्होने कहा कि कोविड महामारी नियंत्रण हेतु एक जेनरेटर आक्सिजन प्लान्ट लगवाया गया है तथा इसके अलावा चार और आक्सिजन प्लान्ट लगाने की ब्यवस्था की जा रही है जल्द ही पूरी होने पर स्थापित हो जायेगी। उक्त कार्यक्रम पश्चात हास्पिटल में वैक्सीनेशन कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय 45महिला व पुरूष को लगने वाले वैक्सीन कोविडसिल्ड तथा द्वितीय डोज केन्द्र को भी देखा तथा निर्देश दिया कि ऐसे महामारी रोग से बचाव में अधिक से अधिक ब्यक्तियों को टीकाकरण किया जाय। जिससे आने वाले समय में लोगों को कोरोना मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर सी एम ओ डा 0अशोक कुमार श्रीवास्तव,डा0ए0बी0त्रिपाठी,रोटरी क्लब के सदस्य विंध्यवासिनी सिंह, डा0एस0के0वर्मा,एडवोकेट हमीदुल्ला, डा0ठाकुर भरत श्रीवास्तव, देवेश पाण्डेय,डा0अमरनाथ गुप्ता, डा0हेमन्त श्रीवास्तव,डा0राजीव मध्देशिया,आत्माराम गुप्ता उपस्थित रहे।

## अपराध आसूचना शाखा भटनी व रे.सु.बल देवरिया सदर टीम द्वारा रेलवे ई-टिकट का अवैध कारोबार करने वाले दलाल की गिरफ्तारी

अमिट रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। प्रभारी उप निरीक्षक अरविंद यादव, कान्स. अमित सिंह, अ.आ.शा.भटनी, तथा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट देवरिया सदर के उप निरीक्षक अबू फरहान, स.उ.नि रामअवतार गुण व स.उ.नि. अनिल उपाध्याय, कान्स. अभिषेक भारती, कान्स. अजय राय द्वारा सयुंक्त रूप से गढरामपुर थाना तरकुलवा, जनपद– देवरिया स्थित सुंदर टूर एंड ट्रेवल्स नामक दुकान पर छापा मारकर उक्त दुकान के संचालक शिवम वर्मा पुत्र मानसरोवर वर्मा, आर – ओ गढरामपुर, थाना– तरकुलवा, जिला– देवरिया, 21 वर्ष कोआईआरसीटीसी की पर्सनल आईडी तैयार कर उसपर रेलवे का ई टिकट बनाकर अवैध रूप से बेचने के जुर्म में समय 16.00 गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पकड़े गएउपरोक्त अभियुक्त द्वारा बताया गया कि आईआरसीटीसी की पर्सनल यूजर आईडी बनाकर उस पर जरूरमंद व्यक्तियों से रेलवे टिकटों का आर्डर प्राप्त कर तथा ई टिकट बनाकरग्राहकों को 200 से 1000 रुपये प्रति टिकट लाभ लेकर बेचा जाता है। उपरोक्त सभी प्त्ब्ज्ब् आईडी, मोबाइल व लैपटॉप को चेक करने पर कुल 03 अदद ई टिकट यात्रा शेषकीमती 4425 रुपये तथा 8 अदद ई टिकट मूल्य 5218 बरामद हुआ। दुकान से अभियुक्त द्वारा रेलवे ई टिकट बनाने में प्रयुक्त 01 अदद क्मसस लैपटॉप तथा 01 अदद प्रिंटर, 01अदद मोबाइल आदि को जब्त किया गया। उपरोक्त अभियुक्त द्वारा काफी समय से इस अनाधिकृत व गैरकानूनी कार्य में संलिप्त होना स्वीकार किया गया। उपरोक्तअभियुक्तगण के विरुद्ध रेसुब पोस्ट देवरिया सदर पर रेल अधिनियम के तहत मामला मुकदमा अपराध संख्या 72ध्21 U/S 143 रेलवे एक्ट पंजीकृत किया गया। मामले की जांच उपनिरीक्षक मनिंदर यादव द्वारा की जा रही है।

## सरकार से महगांई भत्ता बहाली और भर्ती की मांग

***महासंघ ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को लिखा पत्र***

लखनऊ, (यूएनएस)। उ.प्र. चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ की प्रान्तीय कार्यसमिति की बैठक महासंघ कार्यालय लोक निर्माण स्थिति उ.प्र.चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ भवन में कोविड–19 के सम्बन्ध ा में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का अनुपालन करते हुए मास्क एवं सेनेटाइजर का प्रयोग करते हुए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रामराज दूबे की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने किया। बैठक में सरकार से महगाई भत्ते सहित चतुर्थ श्रेणी के प्रदेश में साढ़े चार लाख पद से अधिक रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती कर रोजगार देने के वायदें को पूरा करने की मांग की गई। बैठक के उपरान्त प्रध ाानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधि ात पत्र प्रेषित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध यक्ष रामराज दूबे एवं महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने कहा कि सरकार महगांई, भत्ता दिए जाने के मामले में सरकार कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी कर रही है। कर्मचारियों ने स्वैच्छा से मुख्यमंत्री, राहत कोष में 1 दिन का वेतन दिया था। फिर भी राज्य सरकार ने मनमाने तरीके से महगाई, भत्ते पर प्रतिबन्ध लगाकर सीज कर दिया। कर्मचारियों को मात्र 17 प्रतिशत महगाई भत्ता मिल रहा है। जबकि राज्य के कर्मचारियों को 28 प्रतिशत महगाई भत्ता मिलना चाहिए था। इस प्रकार कर्मचारियों को सीधे 11 प्रतिशत का नुकसान हो रहा है। जुलाई 2021 में महँगाई भत्ते की एक किस्त पुनः देय है। जिसकी घोषणा होनी है। इस प्रकार कर्मचारियों का न्यूनतम 2000 से 8000 से 10000 तक का प्रतिमाह नुकसान हो रहा है। अभी तक सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों का लाखों रूपये का नुकसान हो चुका यही नहीं महगाई भत्ता रूकने से सेवा निवृत्ति होने वाले कर्मचारियों, ग्रेच्युटी राशिकरण आदि में लाखों रूपये का नुकसान उठाना पड़ा है। अभी तक सरकार ने कर्मचारियों का अरबों खरबों रूपये जबरदस्ती हड़प कर गयी है। यही स्थिति सेवा निवृत्त कर्मचारियों का उनकी भी महंगाई भत्ता, फ्रीज किया गया है। यही नहीं सरकार ने कर्मचारियों के तमाम भत्ते दिए। सरकार कर्मचारियों की समस्याओं की तरफ बिलकुल ध्यान नही दे रही है। केवल जुमलाबाजी कर रही है। महासंघ के पूर्व महामंत्री के.एन.पाटनी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की महँगाई भत्ता एवं काटे गये भत्ते तत्काल बहाल करे अन्यथा कर्मचारी आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। आने वाले दिनों में सरकार को कर्मचारियों की नाराजगी झेलनी होगी। कर्मचारियों की तमाम समस्याएं लम्बित है। कर्मचारी अपनी समस्या सरकार के समक्ष न रख पावे सरकार मनमाने ढंग से छह छह माह करके तीन बार एस्मा लगा देती है। जिसके कारण कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। प्रदेश अध्यक्ष रामराज दूबे, महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने राज्य सरकार से महगाई भत्ता, एरियर सहित बहाल करने की मॉग की जिससे कार्यरत एवं सेवानिवृत्ति कर्मचारी राहत की साँस ले तथा काटे गये समस्त भत्ते पुनः बहाल करने की माँग की। अन्यथा बाध्य होकर कर्मचारियों को आन्दोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा। प्रदेष महामंत्री सुरेश सिंह यादव ने कहा कि उ.प्र.में साढ़े चार लाख पद रिक्त हैं इनको तत्काल भर्ती किए जाने का आदेश निर्गत किए जायं जिससे युवाओं को स्थायी रोजगार मिल सके।बैठक में, महेन्द्र कुमार पाण्डेय, भारत सिंह यादव, जगदीश सिंह, दूध ानाथ, सीताराम यादव, रामयश, निसार अहमद, नौरिष पौल, माया देवी, शैलेन्द्र शुक्ला, कलावती, मान सिंह, रम बदल दुबे, भाईलाल, हुसैन अब्बास, अखण्ड प्रताप सिंह, नान्हू प्रसाद, रामजी तिवारी, राज कुमार यादव, सुभाष यादव, वीरबहादुर गिरी, पी.एन. पाण्डेय, रजनीश आदि उपस्सित रहे। प्रान्तीय कार्य समिति के सदस्यों ने महगाई भत्ता, एरियर सहित समस्त काटे गये भत्ते को बहाली और रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति की मांग रखी।



कोरोना में जम्मू–कश्मीर का बाजार ।

## सआदतगंज में सजग पत्रकार को सजगता पड़ी महंगी दबगों ने किया हमला 11 हजार छीने

*लोहे की राड और चाकू से किया हमला पुलिस ने एक हमलावर को पकड़ा*

*पत्रकार संगठन ने की मुख्यमंत्री से मांग पत्रकारो की सुरक्षा के लिए बने कानून*

लखनऊ, (यूएनएस)। पुराने लखनऊ के सआदतगंज इलाके मे रहने वाले एक वरिष्ठ पत्रकार को अपराध के प्रति सजग रहना भारी पड़ गया। मोहल्ले की मस्जिद के पास कई दिनो से लावारिस हालत मे खड़ी गाड़ियो के मालिको की पूछताछ करने का खमियाजा वरिष्ठ पत्रकार को भुगतना पड़ गया। मोहल्ले के रहने वाले दबंगो ने वरिष्ठ पत्रकार पर लोहे की राड और चाकू से हमला कर उन्हे घायल कर दिया यही नही दबंगो के द्वारा वरिठ पत्रकार की जेब से 11 हजार रूपए छीन लिए गए। दबगों के हमले मे पत्रकार के शरीर पर कई जगह पर चोटे आई है। पत्रकार पर हुए हमले की सूचना के बाद सआदतगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और पत्रकार पर हमला करने वाले एक दबंग को पकड़ लिया। पीड़ित पत्रकार के द्वारा तीन लोगो को नामजद करते हुए लूट सहित अन्य कई धाराओ के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय न्यूज चौनल डीडी न्यूज मे संवाददाता के पद पर कार्यरत परवेज जैदी अपने परिवार के साथ सआदतगंज थाना क्षेत्र के टापे वाली गली मोहल्ले मे रहते है। परवेज जैदी मंगलवार की शाम करीब 7 बजे अपने घर लौटे थे तभी उन्हे किसी मोहल्ले वाले के द्वारा बताया गया कि उनके घर के करीब की मस्जिद के पास कई दिनो से 1 एक्टीवा और दो मोटर साईकिले लावारिस हालत में खड़ी है जिस पर परवेज जैदी के द्वारा कहा गया कि पहले पता लगा लो कि गाड़िया किसकी है नही पता चलेगा तो पुलिस को सूचना दे दूगां । वरिष्ठ पत्रकार परवेज जैदी ने बताया कि वो मोहल्ले के लोगो से बात कर रहे थे तभी उनके पास मोहल्ले के रहने वाले कासिम आए उन्होने बताया कि गाड़ियां उनके रिश्तेदार की है। परवेज जैदी कासिम से बात ही कर रहे थे तभी मोहल्ले का ही रहने वाला भूषण नाम का दबंग आया और कासिम को भड़काते हुए बोला परवेज तुम्हारी गाड़िया बन्द कराने जा रहे थे ।

## मुसीबत बनी अघोषित बिजली कटौती, पटरी से उतरी आपूर्ति

अमिट रेखा एम हसन

अयोध्या। शहर के अधिकांश हिस्से अघोषित बिजली कटौती की चपेट में आ गए हैं। अधिकांश हिस्सों में चार से पांच घंटे की अघोषित बिजली कटौती जा रही है। बावजूद इसके पावर कारपोरेशन हाथ पर हाथ धरे बैठा है। आलम यह है कि बिजली उपकेंद्रों के फोन तक नहीं उठते, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली आने के समय का भी पता नहीं चल पाता और लोग दिन–रात अघोषित कटौती झेलने को मजबूर हैं। यहां तक कि लोग अब इंटरनेट मीडिया पर बिजली आपूर्ति को लेकर कमेंट भी कर रहे हैं। अयोध्या जिले के अलग अलग क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हर जगह विद्युत की पूर्ति न होने पर अच्छा खासा लोगों को गर्मी से हुई तकलीफ हो तो झेलना पड़ रहा है वही अयोध्या के रायगंज में रविवार रात दो बजे से आपूर्ति बाधित रही। केबिल में आई खराबी की वजह से बिजली आपूर्ति सोमवार की देर शाम तक बहाल नहीं हो सकी। यहां तक कि लोगों के घरों के इनवर्टर तक बैठ गए। यही हाल नाका, नियावां, लालबाग, देवकाली आदि बिजली उपकेंद्रों का भी बना हुआ है। लोगों का कहना है कि जैसे–जैसे उमस व गर्मी में इजाफा हो रहा है, वैसे–वैसे अघोषित बिजली कटौती में भी बढ़ोतरी हो गई है। नाका, नियावां, लालबाग आदि उपकेंद्रों में दिन के साथ–साथ रात में भी कटौती जा रही है। इस वजह से लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। इनवर्टर तक चार्ज तक नहीं हो पा रहे हैं। पेयजल के लिए निजी स्त्रोतों पर निर्भर लोगों को पानी की किल्लत का भी सामना करना पड़ रहा है। वहीं उपकेंद्रों का फोन नहीं उठने से लोगों को सही जानकारी तक नहीं मिल पाती। इस मसले पर पावर कारपोरेशन के विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता मनोज गुप्त का कहना है कि उपकेंद्रों का फोन उठाने व आपूर्ति को सुचारु रखने का निर्देश कर्मियों को दिया गया है।

## एक माह से भटक रही पीड़िता नहीं दर्ज हुई एफ आई आर

**– दहेज के खातिर ससुराल वालों ने बेटी के गर्भ को गिरवाया,हुई उसकी मौत**

अमिट रेखा अमरजीत शर्मा

प्रतापगढ़। थाना महेशगंज के गांव अट्ठाइस झींगपुर मे दहेज के लिए विवाह के गर्भ को ससुराल वालों ने गिराया जिससे इंफेक्शन हो जाने से विवाहिता की हुई मौत एक माह से थाने का चक्कर लगा रही थी नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट। थाना कंधई क्षेत्र के गांव धरमपुर निवासनी बदरून निशा पत्नी दोस्त मोहम्मद ने पुलिस कप्तान को प्रार्थना पत्र देकर आरोपित किया है कि मैं अपनी बेटी सैराना बानो की शादी तीन व पूर्व चांद बाबू निवासी अट्ठाइसा झींगपुर थाना महेशगंज के साथ की थी शादी के बाद से ही दहेज के लिए मेरी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे इसके पूर्व मेरी बेटी को मार पीटे थे ससुराल वालों ने जिसको लेकर के पंचायत हुई थी इसके बाद लड़की की विदाई किए थे लेकिन दहेज को लेकर के ससुराल वाले बराबर प्रताड़ित करते रहे मेरी लड़की जब गर्व से हुई तो उसे दवा खिला दिए इसके बाद भी उसका धर्म नहीं गिरा तो जबरदस्ती उसको ले जाकर उसके गर्भ को गिरवा दिया जिसके कारण इंफेक्शन हो गया 6 जून को न्यू जेपी हॉस्पिटल राजापुर प्रयागराज इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, घटना की तहरीर थाने में दिया परंतु रिपोर्ट दर्ज नही किये पीड़ित एसपी से गुहार लगाई।

## मेरा गांव कोरोना मुक्त गांव का चला अभियान

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। मेरा गांव, कोरोना मुक्त गांव अभियान के अंर्तगत जनपद के 9 ब्लाकों में तीन–तीन गांव सहित कुल 27 गावँ जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों के देख–रेख में कोरोना मुक्त किये गए। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बताया कि सदर ब्लॉक के ग्राम पंचायत करमहा, बड़हरा रानी एवं रुद्रपुर, निचलौल ब्लॉक के डोमा, जयश्री एवं शीतलापुर , परतावल ब्लॉक के पिपरपाती तिवारी, चौपरिया एवं श्यामदेउरवा, पनियरा ब्लॉक के सतगुर, अड़बदहवा एवं कुँवाचाप , बृजमनगंज ब्लॉक के गोपालपुर, बहदुरी एवं विश्रामपुर, धानी ब्लॉक के धानी बाजार , सिकंदरा एवं धानी, फरेन्दा ब्लॉक के हरपुर, परसिया खुर्द एवं महुअवा–महुई , लक्ष्मीपुर ब्लॉक के महुआ अड्डा , जंगल गुलहरिया एवं रामनगर तथा रतनपुर ब्लॉक के गजरहा–गजरही, बरवां खुर्द एवं सेखुआनी ग्राम पंचायतों को कोरोना मुक्त किया गया।

## इण्टर मीडिएट कालेज उतरौला मे प्रियंका सिंह प्रधानाचार्य पद पर कार्य भार ग्रहण

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के तमकुहीराज तहसील अन्तर्गत विशुनपुरा थाना क्षेत्र के नवसृजित दुदही नगर पंचायत के अधिशाषी



अधिकारी ए एन सिंह की धर्मपत्नी प्रियंका सिंह 30 जून दिन बुधवार को बलरामपुर जनपद के राजकीय बालिका इण्टरमीडिएट कालेज उतरौला मे कार्यभार किया ।बताते चलें कि बीते दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने उन्हें नियुक्ति प्रमाण पत्र दिया था ।इस खबर को मिलते ही दुदही नगर पंचायत के नागरिकों ने शुभकामनाएं देते हुए हार्दिक बधाई दी है।बधाई देने वालो मे श्रमजीवी पत्रकार युनियन उत्तर प्रदेश शाखा तमकुहीराज तहसील (कुशीनगर) के तहसील अध्यक्ष रमाशंकर सिंह, दुदही निवासी एवं समाजसेवी उमेश चौरसिया , संजय कुमार सिंह, पत्रकार सुजीत कुमार गुप्ता, पत्रकार गोबिन्द गुप्ता डाक्टर विनोद गुप्ता ,पत्रकार दीपक कुमार मिश्रा, बृजेश मिश्रा सहित तमाम लोगों ने हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

## ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

अमित रेखा अमित कुमार

बीकापुर अयोध्या। ट्रक की चपेट में आने से जौनपुर जनपद निवासी बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसा मंगलवार सुबह करीब 5 बजे चौरे बाजार के पास प्रयागराज हाईवे पर हुआ। ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार बेलगहना सिकरारा जनपद जौनपुर निवासी सूरज सिंह 25 वर्ष एवं किशन 19 वर्ष घायल हो गए। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी बीकापुर लाया गया। हालत में सुधार ना होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि दोनों युवक बाइक पर अपने घर जौनपुर से अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे।

## युवक ने छत की कुंडी से चारपाई के पट्टे से फांसी लगा कर की आत्म हत्त्या

अमित रेखा अमित कुमार

तारून अयोध्या। तारुन थाना क्षेत्र के अरुवावा गांव में मंगलवार की रात इंद्रेश कुमार पाठक पुत्र संजय पाठक 22 वर्षीय चारपाई के पट्टे के सहारे छत की कुंडी से फांसी लगा आत्महत्या कर ली बुधवार काफी देर तक इंद्रेश के सोकर न उठने से घर के कमरे का नजारा देख परिजन दंग रह गये। छत के सहारे झूल रही लाश देख परिजनों में कोहराम मच गया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गयी ।सूचना इलाकाई पुलिस को मिली तो वह भी मौके पर पहुँच गयी और शव को उतरवाकर परिजनों की मौजूदगी में उसका पंचनामा कराकर लाश पीएम को भेज दिया। बताया गया युवक शादीशुदा था उसके एक आठ माह की बेटी भी है ।लेकिन उसके शराब का सेवन करने की बात ग्रामीणों ने बताई है ।मृतक युवक के माँ की पहले ही मौत हो चुकी हैं।

## पंखे में उतरा करंट, महिला की मौत

अमित रेखा प्रताप गढ व्यूरो। पंखे मे उतरे करंट की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पट्टी थाना क्षेत्र के चरैया गांव में निवासी देवेंद्र सिंह की पत्नी उर्मिला सिंह (45) मंगलवार शाम रसोई में खाना बना रही थी। गर्मी की वजह से उसने टेबल फैन चलाया तो पंखे में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आकर वह झुलस गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी पट्टी पहुंचे लेकिन उसकी सांस थम चुकी थी। डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतका के बेटे प्रशांत और पुनीत सिंह सहित अन्य परिजन सदमे में हैं। बिलखते परिजन बगैर पोस्टमार्टम कराए सीएचसी से शव घर लेकर चले गए।

## खुदाई के दौरान भगवान श्री कृष्ण की मिली अष्टधातु की मूर्ति

अमित रेखा प्रताप गढ व्यूरो। थाना बाघराय के शकरदहा गांव मे खुदाई के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की अष्टधातु की मूर्ति मिली, श्रमिकों से बरामद मूर्ति को डीएफओ बन विभाग को सौंपा,मूर्ति का वजन 1 किलो 200ग्राम बताया जा रहा है, पौधरोपण का कार्य के दौरान मिली मूर्ति, द्वापर युग का बताया जा रहा है ।

## महराजगंज में किशोरी से रेप पंचायत ने जारी किया ऐसा फरमान जिसे पढ़ रह जाएंगे दंग

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिले के कोठीभार थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिक लड़की ने अपने साथ दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि बीते 23 जून को सब्जी तोड़ने खेत में गई थी वही पर आरोपी ने जबरन दुष्कर्म किया था ।जिसके बाद पीड़िता ने आपबीती अपने परिजनों को बताई वही दुष्कर्म का बात सामने आने पर आरोपी गांव के कुछ बड़े लोगों को अपने पक्ष में करते हुए पंचायत कराकर मामलें को दबाने का प्रयास करने लगा। जिसके बाद बीते 24 जून को पंचायत हुआ जिसमें आरोपी को पांच चप्पल मारने और माफी मांगने पर बरी कर दिया गया । पंचायत के फरमान से क्षुब्ध पीड़िता की माँ ने कोठीभार थाने में पुलिस को तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार वही पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि छेड़खानी और पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल कराया गया है रिपोर्ट और पीड़िता के बयान पर आगे की कार्यवाई की जाएगी ।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्वाचक नियमावलियों के सम्बंध में बैठक

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि नए मतदाताओं का नाम शत प्रतिशत रूप से सम्मिलित किया जाए। इसके साथ ही मतदाता सूची से मृतक मतदाता एवं निर्वाचन क्षेत्र से बाहर निवास करने वाले मतदाताओं के नाम हटाये जाने की भी कार्यवाही करते हुए शुद्ध रूप से मतदाता सूची तैयार करायी जाए। निर्देशित किया गया कि नए मतदाताओं को पहचान पत्र स्पीड पोस्ट से भेजे जाने के संबंध में सम्बंधित मतदाता का सही नाम, पता फॉर्म में अंकित किया जाए जिससे पहचान पत्र भेजे जाने में कोई परेशानी न हो। यह भी निर्देश दिए गए कि निर्वाचक नामावली से संबंधित प्राप्त समस्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ समयबद्धता से किया जाए। मतदाता पहचान पत्र बनाये जाने से सम्बंधित डाटा शुद्ध रूप में अपलोड किया जाए।




ईवीएम मशीन के सम्बंध में निर्देशित किया गया कि जो ईवीएम खराब है उन्हें सही कराये जाने के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। कलक्ट्रेट स्थित एनआईसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु जिलाधिकारी ध्जिला निर्वाचन अधिकारी एस0 राजलिंगम ने निर्वाचक नामावली से सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना है उसके लिए बूथवार सूची बनाकर कार्यवाही की जाए। साथ ही जिन बूथों पर लिंगानुपात में अंतर पाया गया हैं उसके संबंध में आवश्यकता अनुसार कार्यवाही की जाए। जिन बूथों पर महिला मतदाता का नाम सूची में कम जोड़ा गया है ऐसे बूथों की सूची बनाकर महिला मतदाताओं का सत्यापन कराकर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बीएलओ, सुपरवाइजर के साथ बैठक करते हुए निर्वाचक नामावलियों के संबंध में दिए गए निर्देशों के संबंध में जानकारी दी जाए। साथ ही बीएलओ, सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिलाते हुए निर्वाचक नामावली में नाम, जोड़ने, हटाने, सही पता आदि कार्यो को सुनिश्चित कराया जाए। वीसी में जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम के साथ अपर जिलाधिकारी विंध्यवासिनी राय, जॉइंट मजिस्ट्रेट पूर्ण बोरा सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार उपस्थित रहे।

## संचारी दस्तक अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान का प्रतिशत ब्लॉक सभागार में हुआ

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। संचारी दस्तक अभियान के अंतर्गत ग्राम प्रधान का प्रशिक्षण ब्लाक सभागार में हुआ,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी



अंजनी कुमार सिंह ने संचारी अभियान में सभी गांव में नालियो की सफाई,झाड़ियो की कटाई,और हैंडपम्पो को सही कराने पर जोर दिया,तथा कोविड प्रोटोकॉल पालन करते रहने की सलाह दी ।बी सी पी यम बबिता शर्मा ने 1 जुलाई से चलने वाले संचारी अभियान को ग्राम प्रधान अपने हाथों से पोस्टर चिपका कर करे ,इस कार्यक्रम में एडीओ पंचायत और सभी ग्रामो के ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## आजादी के कई दशक बीतने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं से बंचित है आधा दर्जन ग्राम पंचायत

**– आधा दर्जन गांव केवल नाव के सहारे**

अमित रेखा – रमाशंकर सिंह

कुशीनगर । उत्तर प्रदेश एवं बिहार प्रान्त सीमा बसे आधा दर्जन ग्राम पंचायत सोहगीबरवा, शिवपुर, बसन्तपुर, नारायणपुर



एवं हरिहरपुर आदि गांवो के लोग पिछले कई दशको से मूलभूत सुविधाओं के लिए इन्तजार रही है लेकिन सरकार गम्भीरता से विचार नहीं कर रही है । बताते चलें कि जलकुण्डी परियोजना पर सरकार को गम्भीरता से विचार करना चाहिए जिससे कि शिवपुर, सोहगीबरवा, बसन्तपुर, नारायणपुर एवं हरिहरपुर सहित कई गांव मे बाढ के साथ साथ बिजली संकट का भी समाधान हो सकेगा ।बताते चलें कि ग्राम पंचायत शिवपुर निवासी एवं समाजसेवी मंजूर आलम ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र खड्डा के तमाम गांवो के सटे से होकर निकलने वाला बडी गण्डक नदी हर साल भारी तबाही मचाता है ।सरकार अगर उक बडी गण्डक नदी मे जगह जगह पक्के पुल की निर्माण करा देती है तो लाखों हेक्टेयर जमीन और सैकड़ों गांवो को बाढ के खतरे से निजात दिलाई जा सकती है ।सनद रहे कि शिवपुर, सोहगीबरवा, नारायणपुर, बसन्तपुर, हरिहरपुर सहित ऊपर कई गांवों का खतरा बडी गण्डक क से है तो फिर सरकार बडी गण्डक नदी मे जगह जगह पक्के पुल एव ठोकर लगा कर उन गांवों को बचाने का प्रयास क्यों नहीं कर रही है ।समाजसेवी मंजूर आलम का कहना है कि हर साल बरसात के समय शिवपुर, सोहगीबरवा, बसन्तपुर, नारायणपुर एवं हरिहरपुर गांव के लोग नाव के सहारे बिहार से होकर गुजरते हैं जिससे काफी समय लगता है ।उक्त ग्राम के एक मात्र सहारा नाव ही है। समाजसेवी मंजूर आलम ने मांग किया है कि सरकार शीघ्र ही बाढ ग्रस्त इलाको के गांवो की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाये।

## नाबालिग लड़की के अपहरण पर भड़का गुस्सा

**– आधी रात को आरोपी के घर पर हमला ,महिलाओं ने भागकर जान बचाई**

अमित रेखा – राज पाठक

सपहा कसया – कुशीनगर। कुशीनगर के कसया थाना के शिवपुर चौराहे पर किशोरी के अपहरण के नाराज लोगों ने आरोपी





के घर पर आधी रात में धावा बोल दिया। घर में मौजूद महिलाओं ने छत के रास्ते भाग कर जान बचायी। हमलावरों ने घर में जमकर तोड़फोड़ की। सुबह फिर करीब दो सौ लोगों का झुंड आरोपी के घर पहुंच गया और रथ व जेनरेटर को आग के हवाले कर दिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चौराहे पर गश्त कर अराजक तत्वों को चेतावनी दी। किशोरी के परिजनों ने अपहरण की तहरीर दी है ।आरोपी के घर वाले डर से फरार हैं। कसया थाना क्षेत्र के एक गांव की 14 वर्ष की किशोरी को शिवपुर चौराहा निवासी पिन्टू मद्धेशिया नामक युवक बहला फुसला कर अगवा कर ले गया। यह घटना दो दिन पहले तब घटी जब लड़की अपने मामा के घर नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गई थी। लड़की पक्ष के लोगों ने लड़की को तलाशना शुरू की। सोमवार की देर रात उन्हें पता चला कि पिंटू मद्धेशिया उसे बहला–फुसला कर अगवा कर ले गया है। इसके बाद लड़की पक्ष के लोगों ने आधी रात झुण्ड बनाकर लाठी डण्डा व रॉड लेकर लड़के के घर धावा बोल दिया। घर में मौजूद महिलाएं डर के कारण भाग गयी। लड़के पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर घर में रखा सारा सामान तोड़ दिया। पुनः सुबह लगभग दो सौ की संख्या में लोगों ने युवक के घर पर धावा बोल दिया। हुए ईट पत्थर चलाया और घर के पास मौजूद जनरेटर एवं रथ को आग के हवाले कर दिया। आग लगने के कारण सारा सामान धूधू कर जल गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पुलिस के आने से पहले ही हमलावर भाग चुके थे।

## पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस– वे (सिक्सलेन) कार्यरत चालक रहस्यमय परिस्थितिय में गायब हुए चालक की बरामद हुई लास

अमित रेखा शक्ति ओम सिंह सिकरीगंज गोरखपुर।



एफको इंडिया प्राइवेट में नकौडी प्लांट पर फैजाबाद निवासी सुरेश सिंह गाड़ी चालक 28.06.2021 की रात में रहस्यमय परिस्थितिय में गायब हो गये थे । बीती रात सूचना पा कर पत्नी शशि सिंह पुलिस से आपबीती बताई । पुलिस देर रात तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच में लग गई थी । आज 9 बजे के करीब गढ्ढे में लास बरामद हुआ । प्राप्त जानकारी के अनुसार चालक बीते दिनों रहस्यमय हाल में गायब हो गया था । मृतक के पत्नी केशशि सिंह के अनुसार बताया कि हमारे पति सुरेश सिंह एप्को इंफ्राटेक प्लांट नकौडी पर चालक पद पर कार्यरत हैं ,पत्नी के साथ किराए पर सिकरीगंज में रहते थे ,रात्रि ड्यूटी होने के कारण शाम 7.00 बजे अपनी ड्यूटी पर गए उनकी पत्नी शशि सिंह ने रात्रि 10.37 पर फोन किया तो उनके पति द्वारा यह बताया गया कि हम 2 घंटे के बाद आएंगे गोरखपुर जा रहे हैं । पत्नी जब सुबह 8.00 बजे फोन की घंटी बजती रही कोई रिसीव नहीं किया । एक बार फोन उठा तो किसी ने बताया कि उनका मोबाइल और पर्स ऑफिस पर छूट गया है, वह घर अभी नहीं पहुंचे हैं क्या अगर घर पहुंचेंगे तो बता देना ,कि आकर मोबाइल और पर्स अपना ले ले पत्नी को अनहोनी की चिंता होने पर पत्नी द्वारा मकान मालिक को प्लांट पर भेजा गया ,वहां प्लांट द्वारा यह बताया गया । वह रात से ही गायब हैं हम लोग उनको ढूंढ रहे हैं रास्ते में गाड़ी रोक करके कहीं चले गए हम लोग ढूंढे पर मिले नही। महिला द्वारा तत्काल 112 पर गायब होने की सूचना दिया गया । थाना सिकरीगंज की पुलिस ढूढ़ने में लगी है, आज बुध्दवार को लास गढ्ढे में पाई गई है ।समाचार लिखे जाने तक अभी उनका पता नहीं चला है । एसओ सिकरीगंज का कहना है, कि मामले की जांच की जा रही है। महिला द्वारा अभी तहरीर नहीं मिली है, जल्द से जल्द मामले का पता चल जायेगा ।

## जनपद स्तरीय उद्योग बन्धु एवं श्रम बन्धु की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**– श्रमिको को दिए जाने वाले लाभ में देरी कत्तई बर्दाश्त नहीःडीएम**

अमित रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जिला स्तरीय उद्योग बंधु तथा जिला श्रम बन्धु की मासिक बैठक जिलाधिकारी एस राजलिंगम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई ।उक्त बैठक में विभिन्न समस्या और प्रकरण उठाए गए इस क्रम में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक में औद्योगिक क्षेत्र में भूमि पर अतिक्रमण का मामला नीम के पेड़ को कटवाने का मामला प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम वर्ष 2020 की प्रगति, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना पर 2020–21 की प्रगति तथा एक जनपद एक उत्पाद ऋण योजना के संदर्भ में समीक्षा की गई जिलाधिकारी ने अतिक्रमण के बारे में बताया कि अतिक्रमण या अधिग्रहण की समस्या को दूर किया जाए इस संदर्भ में उन्होंने प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश सम्बन्धित तहसीलदार को दिए। ओडीओपी योजना के अंतर्गत प्रोसेसिंग प्लांट के संदर्भ में जानकारी ली तथा सीएससी स्थापित करने के लिए जो भी पेंडिंग काम है उसको पूरा करने के निर्देश दिए गए, उद्यमियों से समस्याएं पूछी गई, इंडस्ट्रीज के बारे में पूछा गया नए उद्यमियों को उद्यम लगाने के लिए जमीन के संदर्भ में भी बातें हुई तथा उद्यमियों के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं के संदर्भ में इस बैठक में चर्चा की गई जिलाधिकारी लिंगम ने इस दौरान कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी को मीटिंग में बुलाये जायँ ताकि मामले समस्या का निदान तत्काल किया जा सके जिला स्तरीय श्रम बन्धु की भी मासिक बैठक में जिलाधिकारी ने श्रमिक पंजीयन तथा विभिन्न प्रकार की योजनाओं के संदर्भ में लंबित कार्य को समय रहते पूरा किए जाने के निर्देश दिया तथा उन्होंने कहा कि किसी भी आवेदन पर जांच कार्य शीघ्र पूरा हो जाना चाहिए जांच कार्य समय से पूरा नहीं होने पर उसके ऊपर कठोर कार्यवाही की जाएगी । इसी क्रम में मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना निर्माण कामगार मृत्यु, विकलांगता, सहायता में अक्षमता पेंशन योजना, निर्माण कामगार अंत्येष्टि सहायता योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, आपदा राहत सहायता योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, राष्ट्रीय पेंशन योजना, तथा श्रम कल्याण परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा इस संदर्भ मे जिलाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा की गई, उन्होंने सभी प्रकार की योजनाओं में लंबित मामलों के संदर्भ में कठोर कार्रवाई और संवेदनहीनता की स्थिति पर कड़ी आपत्ति जताई और यह निर्देश दिया कि पेंडिंग केसेस में तत्काल सहायता देनी चाहिए श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा मजदूर गरीब और श्रमिकों से सम्बंधित कल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021में 8621 निर्माण श्रमिकों, एवं वित्तीय वर्ष 21–22 मे 10766 निर्माण श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है। कन्या विवाह सहायता योजना में कुल126 आवेदन पत्र प्राप्त हए हैं, आपदा राहत सहायता योजना में 42640 श्रमिकों के खाते मे एक हजार की दर से धनराशि आन्तरित करा दी गई है।

## पुलिस अधीक्षक महराजगंज द्वारा थाना पनियरा का औचक निरीक्षण

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। पुलिस अधीक्षक महराजगंज प्रदीप गुप्ता द्वारा शांति व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत थाना पनियरा का



औचक निरीक्षण किया गया तथा प्रभारी निरीक्षक वह समस्त विवेचकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, जिसमें लंबित विवेचनाओं, महिला संबंधित अपराधों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया। थाने पर पंजीकृत गम्भीर अपराधों की समीक्षा की गयी व वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए गये साथ ही साथ आपरेशन तमंचा अभियान के तहत समस्त उप निरीक्षक गणों को अपने अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात थाना परिसर का निरीक्षण कर मालखाना, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय व हवालात का निरीक्षण किया गया। थाने पर मौजूद सरकारी सम्पत्ति का मिलान भौतिक रुप से करते हुये सभी अभिलेखों को अद्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया व कोरोना संक्रमण से बचाव के सम्बन्ध में समस्त कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए।

## परतावल में बाइक चोर गिरोह सक्रिय, फिर उड़ाई बाइक

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जनपद के थाना श्यामदेउरवां क्षेत्र परतावल में बाइक चोर गिरोह सक्रिय है। लगातार बाइक चोरी की हो रही घटना से वाहन स्वामियों में हड़कंप है। विगत महीनों के भीतर परतावल से कई बाइक चोरी हो चुकी है। वाहन चोर गिरोह द्वारा कहीं रात के अंधेरे में तो कहीं दिनदहाड़े आंखों के सामने से बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है। सोमवार की शाम चोरों ने एक बार फिर परतावल के गोरखपुर रोड से पिपरियाँ निवासी अफजल की न्च 56 फ 1579 बाइक चोरी की घटना को अंजाम देकर जहां वाहन मालिकों में दहशत पैदा कर दिया है। वहीं लगातार चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस–प्रशासन को चुनौती दे रखा है। आखिर पुलिस प्रशासन मौन व्रत धारण क्यो कर लिया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमित प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय

सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव

प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो०– 9792617070

विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी

प्रबंधक– निखिल कुशवाहा

ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com

समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होगें।